WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 242 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर अमित शाह
हिड़मा के गांव में गुजारेंगे रात!

बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शिरकत करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगे। वे 14, 15 और 16 दिसंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वो पहले दिन 14 दिसंबर को रायपुर पहुंचेंगे। यहां पर रात में विश्राम करेंगे। फिर अगले दिन 15 दिसंबर को जगदलपुर में होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शिरकत करेंगे। दूसरे दिन 16 दिसंबर को सुबह में नक्सली हमले में वीरगति को प्राप्त दो जवानों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। वहीं नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों के साथ रात्रि भोज भी करेंगे। एक कैंप का भ्रमण भी करेंगे। एक रात रुककर एलडब्ल्यूई बैठक में शामिल होंगे।

अहम है शाह का दौरा

केंद्र और छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार प्रदेश के बस्तर से नक्सलवाद को खत्म करने को लेकर गंभीर है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने पिछले दौरे के दौरान नक्सल अभियान की समीक्षा बैठक में रायपुर में दावा करते हुए कहा था कि डबल इंजन की सरकार मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवादमुक्त कर देगी। इसलिये शाह का छत्तीसगढ़ दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। वे आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रगति का जायजा भी लेंगे।

आज बेबाक

वाकई हमारे देश में गजब का कानून है। दक्षिण भारत के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के एक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ के कारण एक महिला की मौत हो गई। हैदराबाद पुलिस ने अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। यह बात अलग है कि बाद में कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। वहीं कुछ समय पहले उत्तरप्रदेश में एक तथाकथित बाबा के कार्यक्रम में मची भगदड़ के दौरान सौ से ज्यादा लोग मारे गये थे लेकिन बाबा का बाल भी बांका नहीं हुआ। लगता है कानून अपना काम तो करता है लेकिन अपने अपने तरीके से।

लोकसभा में पीएम मोदी का कांग्रेस पर तीखा हमला
कांग्रेस के मुंह पर संविधान संशोधन का खून लगा

संविधान को गहरी चोट पहुंचाई गई

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान के 75 साल के उपलक्ष्य में संबोधन में कहा कि कांग्रेस के मुंह पर संविधान संशोधन का खून लगा इससे पहले राहुल गांधी ने भी संविधान पर चर्चा के दौरान अपनी बात रखी। मोदी ने कहा कि जिन्होंने अपनी पार्टी के संविधान को स्वीकार नहीं किया है। इनकी शुरुआत ही गड़बड़ हुई है। 12 कांग्रेस की प्रदेश की कमेटियों ने सरदार पटेल के नाम पर सहमति दी थी। नेहरु जी के साथ एक भी कमेटी नहीं थी। संविधान के तहत सरदार साहब ही देश के प्रधानमंत्री बनते। लेकिन लोकतंत्र में श्रद्धा नहीं, खुद के ही संविधान को नहीं माना। इसलिए सरदार जी प्रधानमंत्री नहीं बने और ये बैठ गए। जो लोग अपनी ही पार्टी के संविधान को नहीं मानते, वे देश के संविधान को कैसे स्वीकार कर सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की अगली पीढ़ी भी यही खिलवाड़ कर रही है। एक किताब में लिखा गया है कि जिसमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा है कि मुझे यह स्वीकार करना होगा कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र है।

35 ए पर संसद को अंधेरे में रखा

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की लगातार अवमानना की है। संविधान के महत्व को कम किया है। संविधान के साथ धोखेबाजी की गई। 35ए संसद में आए बिना देश पर थोप दिया। 35 ए न होता तो जम्मू-कश्मीर में ऐसे हालात न होते। इस पर संसद को अंधेरे में रखा गया। उनके पेट में पाप था। बाबा साहब आंबेडकर के प्रति भी कांग्रेस में कटुता भरी थी। कांग्रेस ने आंबेडकर जी का स्मारक भी नहीं बनवाया। हमने बाबा साहब मेमोरियल बनाया। आरक्षण को धर्म के आधार पर तुष्टिकरण के नाम पर नुकसान पहुंचाया। इसका नुकसान एससी-एसटी ओबीसी को हुआ। कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने आरक्षण का विरोध किया है। इसके विरोध में लंबी-लंबी चि_ियां लिखी हैं। सदन में आरक्षण के खिलाफ भाषण दिए गए। कांग्रेस गई तब ओबीसी को आरक्षण मिला। कांग्रेस ने सत्ता सुख और वोट बैंक के लिए धर्म और संप्रदाय के आधार आरक्षण का खेल खेला।

सीएम साय की पहल से 77 साल बाद पूर्वर्ती में पहुंचा दूरदर्शन

सुकमा/नवप्रदेश। भारत देश को आजाद हुए भले ही 77 साल से अधिक हो गए हैं, लेकिन आज भी कई ऐसे गांव हैं, जहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गावों में विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। इन्हीं में से एक गांव है, छत्तीसगढ़ के दक्षिणतम छोर सुकमा जिले में जहां 77 साल बाद दूरदर्शन पहुंचा है। यहां लोगों ने पहली बार टीवी पर देश दुनिया की खबर देखी। छत्तीसगढ़ के दक्षिणतम छोर सुकमा जिले के अति-माओवाद प्रभावित और दुर्गम क्षेत्र पूवर्ती में विकास की एक नई किरण पहुंची है। पहली बार इस गांव के लोगों ने दूरदर्शन पर देश-दुनिया की खबरें, धारावाहिक और स्थानीय फिल्में देखी। छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के अंतर्गत गांव पूवर्ती के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी दूरदर्शन के कार्यक्रमों को देखने के लिए घंटों टीवी सेट के पास बैठे रहे।

दरअसल, पूर्वर्ती वही गांव हैं, जहां से सबसे बड़े नक्सली लीडर हिडमा, देवा सहित आधा दर्जन नक्सली आते हैं। आज इस गांव में विकास की नई बयार लिखी जा रही है। सुरक्षाबलों ने यहां कैंप स्थापित किया है। वही, जिला व पुलिस प्रशासन अंदरूनी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा पहुंचाने का लगातार प्रयासरत है। इस पहल ने यह साबित किया है कि विकास की तेजी माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव हो रहा है. जिससे पूवर्ती, सिलगेर, टेकलगुडय़िम जैसे सुदूर गांवों में इस तरह की योजनाएं विकास और शांति का नया अध्याय लिख रही है।

बच्चों ने देखा ज्ञानवर्धक कार्यक्रम और कार्टून

इस अवसर पर गांव के बच्चों ने ज्ञानवर्धक कार्यक्रम और कार्टून देखकर न केवल खुशी का अनुभव किया, बल्कि उनके चेहरे पर सीखने और उत्सुकता की झलक भी साफ देखी गई। यह पहल ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर गांवों तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है।

रायपुर में विस्फोटः एक की मौत, पांच झुलसे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी के रामेश्वर नगर में पति और पत्नी के बीच हुए विवाद एक की मौत और पांच लोग गंभीर रुप से झुलस गये हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस आगजनी के दौरान पुलिस महिला को घर से बाहर निकाल ही रही थी, तभी सिलेंडर फट गया। इसे दो आरक्षक समेत पांच लोग झुलस गए। हादसे में पति की गंभीर रुप से जलने से उसकी मौत हो गई है। घटना बीती रात साढ़े दस बजे की है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद पर में बी अमरेश्वर राव उर्फ राजा ने अपनी पत्नी के संध्या रानी पर चाकू से जानलेवा हमला किया। संध्या किसी तरह जान बचाकर घर से भागकर पड़ोसी के घर में घुसी। इसके बाद पति राजा ने मकान के भीतर आग लगा दी। घटना खमतराई थाने क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में सूचना पर पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पति ने घर में आग लगा ली। पुलिस महिला को जैसे ही घर से बाहर निकाल रही थी, तभी सिलेंडर फट गया। इस हादसे में पेट्रोलिंग टीम के दो आरक्षक विकास सिंह और हेमंत गिलहरे झुलस गए। इसके साथ ही तीन अन्य नागरिक भी झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया। वहीं 40 वर्षीय पति राजा राव की आग में जलने से मौत हो गई।

आगजनी की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। दमकल टीम ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर के अंदर घुसकर मृत पति का शव बाहर निकाला। पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

सड़क दुर्घटना में 5 की मौत, 3 घायल

रांची/नवप्रदेश। झारखंड में बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र के दांतू गांव के पास शुक्रवार की रात एनएच-23 बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को जारीडीह कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया तथा तीन अन्य लोगों का इलाज भी चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ स्वीटी भगत ने आज बताया कि अस्पताल में 8 लोगों को लाया गया था जिसमें से 5 की मौत हो चुकी थी और 3 घायल थे। इनमें से एक की हालत गंभीर है। उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है जबकि दो की स्थिति ठीक है।

आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, भर्ती

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को शुक्रवार देर रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार 96 वर्षीय आडवाणी का न्यूरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर विनीत सूरी की देखरेख में उपचार किया जा रहा है। उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले इसी साल 04 जुलाई को भी श्री आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उससे कुछ दिन पहले उन्हें एम्स उपचार के लिए ले जाया गया था। उन्हें एम्स में उपचार के बाद अगले दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी। इसके बाद 06 अगस्त को भी उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।

मोदी ने राज कपूर को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सिनेमा के शोमैन राज कपूर को उनकी 100वीं जयंती के मौके पर शनिवार को उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज हम महान फिल्मकार, दूरदर्शी फिल्मकार, अभिनेता और सदाबहार शोमैन राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं। उनकी प्रतिभा ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

राष्ट्रपति चुनाव को 'पैरोडी'

जॉर्जिया (वार्ता)। जॉर्जिया की राष्ट्रपति सैलोम जौराबिचविली ने शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को पैरोडी और अवैध करार दिया है। गौरतलब है कि सैलोम का कार्यकाल 16 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है और 300 सांसदों और विभिन्न स्तरों के प्रतिनिधियों का एक समूह शनिवार को संसद भवन में एक नए राष्ट्रपति का चुनाव कराने वाले हैं। इस पद के लिए एकमात्र दावेदार पूर्व फुटबाल खिलाड़ी एवं वर्तमान सांसद मिखाइल कैवेलशविली हैं, जिन्हें सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी की ओर नामित किया गया है। चुनाव होने पर नए राष्ट्रपति 29 दिसंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि जॉर्जियाई राज्य सुरक्षा सेवा ने मंगलवार को कहा था कि विदेशी खुफिया सेवाओं की ओर समन्वित विरोध प्रदर्शन के आयोजक राष्ट्रपति चुनाव को बाधित करने की योजना बना रहे हैं। जौराबिचविली ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे यह भी नहीं पता कि इसे क्या कहा जाए, उकसावे की कार्रवाई या पैरोडी!

भारत और इजरायल आपसी सम्मान और जरूरत के कारण एक-दूसरे के करीब आए

मुंबई (वार्ता)। इजरायल ने बंगलादेश में रहने वाले हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की है तथा उनके साथ होने वाले उत्पीड़न और हिंसा की कड़ी निंदा की है। मुंबई स्थित इजरायल के महावाणिज्यदूत कोब्बी शोशनी ने शनिवार को सुबह विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) 2024 के पूर्ण सत्र के दौरान अपने संबोधन में बंगलादेश में हिंदू समुदाय के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की और उनके साथ होने वाली हिंसा और उत्पीड़न की निंदा की। इज़रायली राजनयिक की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बंगलादेशी हिंदुओं की दुर्दशा ने अंतरराष्ट्रीय ध्यान

और चिंता आकर्षित की है।

शोशनी ने कहा, वहां जो हो रहा है वह अस्वीकार्य है। उन्होंने इस अल्पसंख्यक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यहूदियों के ऐतिहासिक अनुभवों का हवाला देते हुए पीड़ा की साझा समझ को व्यक्त किया, जो बिना किसी डर या उत्पीड़न के भारत में रहते आए हैं। उन्होंने कहा, हम समझते हैं कि बेटियों और बच्चों की हत्या और अपराधियों द्वारा उनका कत्ल किया जाना कैसा होता है। उन्होंने हाल ही में दोनों समुदायों को प्रभावित करने वाली त्रासदियों का संदर्भ दिया।

उन्होंने भारत की जीवंत संस्कृति और वैश्विक समाज में इसके महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हम भारत को इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि हमारे पारिवारिक मूल्य, परंपराएं, रीति-रिवाज, सामाजिक संरचना और आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा लड़ाई है। शोशानी को 26/11 के आतंकी हमलों के तुरंत बाद इज़रायल के विदेश मंत्रालय ने मुंबई भेजा था। उन्होंने अपने संबोधन का यह कहते हुए समापन किया कि जब भी वह इज़रायल लौटेंगे, मेरे दिल का कुछ हिस्सा हमेशा पीछे रह जाएगा।

शोशनी के संबोधन से पहले, भारतीय-यहूदी समुदाय के सदस्य एडवोकेट आरोन सोलोमन ने डब्ल्यूएचईएफ 2024 के दूसरे दिन भारत-इज़रायल सहयोग के अवसरों पर सत्र की शुरुआत की और भारत और इज़राइल के बीच अनूठे संबंधों पर विचार किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश आपसी सम्मान और ज़रूरत के कारण एक-दूसरे के और करीब आए हैं।

शोशनी ने भारत सरकार का आभार व्यक्त

शोशनी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को इजरायल और बंगलादेशी हिंदुओं के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 07 अक्टूबर, 2023 को हमारे साथ जो हुआ, उसे हम कभी नहीं भूलेंगे। इज़रायली महावाणिज्यदूत ने कहा कि सुरक्षा और उग्रवाद से जुड़ी चुनौतियों में इज़रायल और भारत दोनों की ही समानताएं हैं। उन्होंने दूरसंचार और चिकित्सा प्रौद्योगिकी में प्रगति का हवाला देते हुए यह भी बताया कि संकटों से नवाचार को बढ़ावा मिल सकता है। शोशनी ने दोनों देशों के लिए मजबूत सैन्य और आर्थिक नींव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कमजोर सेना के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था नहीं हो सकती। उन्होंने जोर देकर कहा कि आर्थिक स्थिरता के लिए सैन्य ताकत जरूरी है। उन्होंने भारत को एशिया में इजरायल का सबसे बड़ा दोस्त बताया और दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग की जरूरत पर जोर दिया।

न्यूज गैलरी

दिल्ली के कई स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मेल के ज़रिए मिली है। डीपीएस आरके पुरम और अन्य स्कूलों को मिली धमकी के बाद पुलिस मौके पर मौजूद हैं। पिछले हफ्ते भी 40 के करीब स्कूलों को ई-मेल के ज़रिए धमकी मिली थी। जांच के बाद यह धमकी महज एक अफवाह पाई गई थी। इन स्कूलों में डीपीएस, पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल मैनेजमेंट और मदर मैरी स्कूल, मयूर विहार जैसे कई मशहूर स्कूल मौजूद थे। दिल्ली के स्कूलों में बम होने की इस तरह की सूचना नई नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की अफवाह और धमकी सामने आती रही है। आरके पुरम के दिल्ली पब्लिक स्कूल और वसंत कुंज के रयान इंटरनेशनल स्कूल सहित दिल्ली के कई स्कूलों को शनिवार को एक बार फिर ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह 6:09 बजे डीपीएस आरके पुरम में बम की धमकी की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस, अग्निशमन विभाग, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक टीमें स्कूल पहुंच गई हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ईवीकेएस एलंगोवन का अस्पताल में निधन

चेन्नई। तमिलनाडु कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ईवीकेएस एलंगोवन का आज चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी ने बताया कि फेफड़ों से संबंधित समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और दो सप्ताह से अधिक समय से उनका इलाज चल रहा था। इरोड पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के विधायक की तबीयत एक महीने से अधिक समय से ठीक नहीं चल रही है। उन्हें 11 नवंबर को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने कहा, 'डॉक्टरों की भरसक कोशिशों के बावजूद आज उनका निधन हो गया।

1978 में दंगे के बाद हिंदू परिवार ने छोड़ा था घर...

अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिला शिव मंदिर

■ **46 साल से बंद भगवान शिव का मंदिर खुलवाया गया**

संभल/ए.। संभल के शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में शनिवार सुबह जिला प्रशासन ने अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। इस दौरान 46 साल से बंद भगवान शिव का मंदिर खुलवाया गया। यह मंदिर महमूद खा सराय इलाके में एक बंद मकान में पाया गया, जो 1978 के दंगे के दौरान हिंदू परिवार का था। बाद में मकान बेच दिया गया और तब से यह बंद पड़ा था। जिला अधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई की निगरानी में मंदिर की सफाई कराई गई और कुएं की खुदाई शुरू कराई गई है। डीएम पेंसिया ने बताया कि मकान के मालिकाना हक को लेकर जांच की जा रही है। साथ ही, शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। प्रशासन की टीम ने इलाके में सड़कों, नालों से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। बिजली चोरी के

मस्जिदों में भी बिना कनेक्शन जल रही थी बिजली

नखासा थाना क्षेत्र में डीएम डॉ राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने रायसत्ती, नखासा, हिन्दूपुरा खेड़ा और दीपा सराय में चेकिंग अभियान चलाया। कई मकानों में बिजली चोरी पकड़ी है। इसमें कई मस्जिदें भी शामिल हैं। सभी के खिलाफबिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जानी है। लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

खिलाफ चलाए गए इस अभियान में 300 से अधिक मकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इनमें कई मस्जिदें भी शामिल हैं।

टीम ने पाया कि एक मस्जिद में 59 पंखे, एक फ्रिज, वॉशिंग मशीन और 25-30 लाइट प्वाइंट बिजली चोरी से चलाए जा रहे थे। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि दोषियों पर कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने बिजली विभाग की टीमों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र में दो प्लाटून पुलिस बल तैनात किया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। डीएम ने बताया कि संभल शहर में सबसे ज्यादा लाइनलॉस इन्हीं इलाके में होता है। हर महीने करोड़ों रुपये की बिजली चोरी की जाती है। बिजली विभाग की टीम प्रभावी तरीके से कार्रवाई नहीं कर पाती है। इसलिए यह कार्रवाई शनिवार की सुबह से शुरू कराई गई है। बताया कि अतिक्रमण भी हटवाया जा रहा है।

अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई

जामा मस्जिद क्षेत्र में शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के दौरान 46 साल से बंद भगवान शिव और हनुमान के मंदिर का पता चला। मंदिर को अतिक्रमण कर घरों में तब्दील कर दिया गया था। प्रशासन ने मंदिर को साफकराया और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। जिला अधिकारी (डीएम) डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान के दौरान एक मंदिर मिला, जिसे अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया था।

संयुक्त स्नातक परेड कार्यक्रम बोले-एयर चीफ

राष्ट्र की सेवा के लिए ली गई शपथ पूरे जीवन की प्रतिबद्धता

हैदराबाद। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने समीक्षा अधिकारी के रूप में हैदराबाद के डंडीगल में वायु सेना

अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। वायुसेना प्रमुख ने विभिन्न भारतीय वायुसेना शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों को अपने प्रशिक्षण के दौरान अपनी कड़ी मेहनत के बारे में बताया।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा, भले ही यह कैडेट या फ्लाइट कैडेत के तौर पर आपकी वर्षों की दृढ़ता और प्रशिक्षण की परिणति है, लेकिन वास्तव में यह केवल शुरुआत है। यह नई सीख की शुरुआत है। यह अनुभवों से भरे जीवन की शुरुआत है।÷ उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्नातक कैडरों का करियर उन्हें उनकी क्षमताओं को विकसित करने की चुनौती है। एयर चीफमार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा, अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए आप पर लगातार दबाव बनाया जाएगा। अपनी सीमाएं बढ़ाएं, नए कौशल और क्षमताओं की खोंज करें। आपको सैकड़ों-करोड़ों रुपये के अत्याधुनिक विमानों के संचालन और रखरखाव करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कैडेटों को याद दिलाया कि उनके कंधों पर अब जो जिम्मेदारी है वह केवल तकनीकी नहीं बल्कि वायु योद्धाओं के रूप में है। उन्हें अपनी भूमिकाओं में लगातार विकास करना है। वायसेना प्रमुख ने शारीरिक और मानसिक फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैडेटों से खेलों में शामिल होने, अपना शौक पूरा करने और पढ़ाई के प्रति अपनी रुचि दिखाने का भी आग्रह किया। उन्होंने राष्ट्र की सेवा के लिए ली गई शपथ के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा, आपने जो शपथ ली, वह पूरे जीवन की प्रतिबद्धता है। इसे आपको पूरी ईमानदारी से निभाना है।

फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार आज विधायक लेंगे मंत्री पद की शपथ

■ **संभावित मंत्रियों को सीएम खुद करेंगे फोन, नागपुर में होगा शपथ ग्रहण**

मुंबई। महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार की कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। इसमें 30-32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं। भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है। जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिल सकते हैं। संभावित मंत्रियों को शपथ के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस खुद फोन करेंगे। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट फाइनल करने के लिए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग चर्चा की। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दे दी है। मंत्रिमंडल में संभावित मंत्रियों के नाम कुछ इस प्रकार हैं-

NCP- अजित गुट

अजित गुट में पांच पुराने मंत्रियों समेत जिरवाल-भरणे का नाम चर्चा में हैं। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पिछली सरकार में मंत्री रहे छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, धर्मरावबाबा, अदिति तटकरे, अनिल पाटिल के नाम बने रहेंगे। दिलीप वलसे पाटिल पहले ही इनकार कर चुके हैं जबकि हसन मुश्रिफ का पत्ता कट सकता है। सूत्रों के मुताबिक नरहरि जिरवाल, दत्ता भरणे को मंत्री पद मिल सकता है।

शिवसेना शिंदे गुट

शिंदे गुट में गोगवले, शिरसाट, खोतकर को मिल सकता है मौका। शिंदे ने उदय सामंत, शंभुराजे देसाई, दादा भुसे, गुलाबराव पाटिल के नाम बरकरार रखे हैं। प्रवक्ता संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगवले, विजय शिवतारे, अर्जुन खोतकर को भी मौका मिल सकता है। भाजपा से मुंडे, मुनगंटीवार और पाटिल का नाम शामिल हो सकता है। कैबिनेट में चंद्रशेखर बावनकुले, चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, पंकजा मुंडे के नाम सबसे ऊपर हैं। मेघना बोर्डिकर, संभाजी पाटिल निलंगेकर, रवींद्र चव्हाण, राधाकृष्ण पाटिल, गिरीश महाजन, अतुल सावे, परिणय फुके और संजय कुटे के नाम भी शामिल हैं। बीजेपी ने कुछ नए चेहरों को मौका देने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। उधर शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है।

नाबालिग से रेप और हत्या के दोषी को मौत की सजा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने शुक्रवार को एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार और उसके बाद उसकी हत्या करने के एक मामले में दोषी को मौत की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सिर्फ60 दिनों में कार्यवाही पूरी करते हुए यह सजा सुनाई है। इस मामले में एक दूसरे दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। आपको बता दें कि मुर्शिदाबाद अदालत द्वारा यह फैसला अपराध के 61 दिनों के भीतर आया। लोग इसके त्वरित न्याय का उदाहरण मानते हैं।

संसद के बाहर प्रियंका ने जस्टिस फॉर वायनाड, राहत पैकेज दो के लगाए नारे

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को आरोप लगाया कि वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों को राजनीति के चलते सहायता नहीं दी जा रही है। साथ ही कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। प्रियंका गांधी आपदा प्रभावित वायनाड को आर्थिक मदद देने की मांग को लेकर कई अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मिलकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। मकर द्वार की सीढ़ियों के सामने विरोध जताते हुए सांसदों ने 'वायनाड के लिए न्याय' के नारे लगाए। उनके हाथों में एक बैनर भी था, जिस पर लिखा था, जस्टिस फॉर वायनाड, वायनाड के लिए राहत पैकेज दो।

विशेष पैकेज देने की मांग

वायनाड सांसद प्रियंका ने आरोप लगाया, 'सरकार वायनाड को विशेष पैकेज देने से इनकार कर रही है। हमने गृह मंत्री से अनुरोध किया है, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। हिमाचल प्रदेश में भी इसी तरह की बड़े पैमाने पर तबाही हुई है और वहां कांग्रेस की सरकार है। वे केंद्र से मदद मांग रहे हैं, लेकिन फिर भी दोनों मामलों में केंद्र सरकार राजनीति के कारण पीड़ितों को उनका हक देने से इनकार कर रही है। वे भारत के नागरिक हैं। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। 'वे भारत के नागरिक हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय, दर्द के समय, किसी भी प्रकार की पीड़ा के समय में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह वह समय है जब केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री को प्रत्येक भारतीय नागरिक के जीवन और उनकी आजीविका का संरक्षक होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'यही वह समय है जब उन्हें राजनीति को अलग रखना चाहिए और आवश्यक सहायता देनी चाहिए। हम वास्तव में बहुत निराश हैं कि हमें इस मामले को सामने रखना पड़ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री ने खुद दर्द और पीड़ा देखी है।

कांग्रेस ने संविधान पर हमला किया और उसके सार को बदला: रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री और भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने शनिवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षी पार्टी की आलोचना की और उनपर संविधान पर हमला करने और उसके सार को बदलने का आरोप लगाया। भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सवाल किया कि उन्होंने बीआर आंबेडकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया। रिजिजू ने विपक्ष द्वारा देश में अल्पसंख्यकों के सुरक्षित नहीं होने के आरोपों की भी आलोचना की।

किरेन रिजिजू ने कहा, ÷आपने संविधान पर हमला किया। आपने संविधान की प्रस्तावना बदल दी। उसके सार को बदल दिया। इसके बाद आप दूसरों पर आरोप कैसे लगा सकते हैं? देश में अल्पसंख्यकों के सुरक्षित नहीं होने के आरोपों पर उन्होंने विपक्ष को घेरा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर अल्पसंख्यों पर अत्याचार होता है तो वे भारत से सुरक्षा मांगते हैं। आपको मालूम है कि पाकिस्तान की स्थिति कैसी है। बांग्लादेश का हाल कैसा है। आप लोगों को मालूम है कि अफगानिस्तान में हिंदुओं, सिखों और ईसाइयों के साथ क्या हुआ है। चाहे तिब्बत हो म्यांमार हो श्रीलंका, पाकिस्तान या बांग्लादेश। जब भी अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होता है, वे सुरक्षा के लिए सबसे पहले भारत आते हैं। फिर ऐसा क्यों कहा जा रहा है कि इस देश में अल्पसंख्यकों की कोई सुरक्षा नहीं है। रिजिजू ने कांग्रेस से सवाल किया कि बीआर आंबेडकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने कहा, आप हमेशा बाबा साहेब का नाम लेते हैं। आपने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया। 1956 के बाद जवाहर लाल नेहरू को भारत रत्न दिया गया।

इंदिरा गांधी ने खुद को भारत रत्न दिया। भाजपा नेता ने आगे कहा, विश्वनाथ जी ने जब कांग्रेस को हराया था, तब उन्होंने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी और तब बाबा साहेब को भारत रत्न दिया गया।

स्वदेशी तकनीक से एडवांस | *फाइटर जेट के साथ हमलावर या निगरानी ड्रोन्स भी उड़ान भर सकेंगे*

वायुसेना को मिलने जा रहे 12 सुपर सुखोई, 13500 करोड़ की डील हुई फाइनल

■ **पाक-चीन को मिलेगा करारा जवाब**

नई दिल्ली। वायुसेना ने 12 सुखोई विमानों की डील फाइनल की है। चीन और पाकिस्तान के साथ एक साथ जंग की स्थिति को देखने हुए वायुसेना अपनी क्षमता में इजाफा कर रही है। अगर दो मोर्चे पर एकसाथ जंग होती है तो उसे 42 स्क्वाड्रन स्ट्रेंथ की जरूरत होगी जबकि अभी सिर्फ31 ही हैं। इसी को देखते हुए वायुसेना ने 12 सुखोई विमानों की डील की है। भारत सरकार की सुरक्षा मामलों की केन्द्रीय मंत्रिमंडल की समिति यानि CCS ने बड़ा फैसला लेते हुए वायुसेना के लिए 12 सुखोई-30 फ़ाइटर की खरीद पर मोहर लगा दी है। इन विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 13500 करोड़ रूपये की डील भी साइन कर ली।

क्या होगी खासियत?

इन Su-30MKI को स्वदेशी तकनीक से एडवांस किया जाएगा। इसमें खतरनाक स्टेल्थ टेक्नोलॉजी, AESA राडार, मिशन कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक

वॉरफेयर सुईट, कॉकपिट लेआउट और हथियारों का सिस्टम बदलने वाला है। नए अपग्रेडेड Su-30 MKI में ज्यादा एडवांस एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (AESA) राडार लगाए जाएंगे। यह दुश्मन को काफी दूर से ही टोह लेंगे। जंग के दौरान विमान की सिचुएशनल अवेयरनेस और बचे रहने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

इन जेट का निर्माण HAL की नासिक की फैक्टरी में किया जाएगा और इसमें स्वदेशीकरण का हिस्सा 62.6 प्रतिशत होगा। इस फैक्टरी में पहले मिग और उसके बाद रूस से लाइसेंस के तहत सुखोई-30 फ़ाइटर जेट्स का उत्पादन हो चुका है। नए सुखोई विमानों पर नया इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सुईट लगाया जाएगा जो उसे दुश्मन के राडार में आने से बचाएगा। इसमें सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर्स होंगे. शैफ और फ्लेयर्स डिस्पेंसर्स होंगे ताकि इमरजेंसी हालात में सुखोई फाइटर खुद को और प्लेन को बचा सके। इस जेट को एडवांस्ड डेटा लिंक सिस्टम से जोड़ा जाएगा ताकि ये रीयल टाइम सूचनाओं को दे सके।

Sukhoi-30MKI को मैन्ड-अनमैन्ड टीमिंग तकनीक से लैस किया जाएगा। इस फाइटर जेट के साथ हमलावर या निगरानी ड्रोन्स भी उड़ान भर सकेंगे। इसमें 30mm की ग्रिजेव-शिपुनोव ऑटोकैनन लगी है जो एक मिनट में 150 राउंड फायर करती है।

वायुसेना के लिए क्यों खास है सुखोई?

सुखोई विमानों को 1990 के दशक में रूस से लिया गया था। तब भारत ने 272 सुखोई-30 विमानों का सौदा किया था। इनमें कुछ विमान रूस से बनकर आए थे और बाकी का उत्पादन भारत में HAL ने किया था। मौजूदा समय की बात करें तो वायुसेना के बेड़े में सबसे अधिक फाइटर जेट की संख्या सुखोई-30 की है। यह विमान दो सीट और दो इंजन का होता है। 2 मैक की रफ्तार से उड़ान भरने वाला ये फाइटर जेट एक बार में 3000 किमी की दूरी तय कर सकता है। इस पर ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किया जा चुका है। यह अपने साथ 8000 किलो तक हथियार ले जाने में सक्षम है। इसी खासियत को देखते हुए बालाकोट एयरस्ट्राइक में भी इसका इस्तेमाल किया गया था।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024 मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 242 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सैंड आर्ट के माध्यम से दिखी विष्णु के सुशासन और विकास की झलक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने अपनी कला के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और विकास को अभिव्यक्त किया। उन्होंने रेत की अद्भुत कृति तैयार कर छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को दर्शाया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुदर्शन पटनायक ने अपनी कला से सबका ध्यान आकर्षित किया। उनकी रेत

की अद्भुत कृति ने सभी का मन मोह लिया। इस कृति में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन और विकास की झलक दिखाई दी। उन्होने सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय प्रगति की है। पटनायक ने सैंड आर्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की प्रधानमंत्री आवास, लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाली, कृषक उन्नति योजना, एक पेड़ मां के नाम, न्यौता भोज, महतारी वंदन, तेंदूपत्ता संग्राहकों की पारिश्रमिक वृद्धि, राजिम कुंभ, राम लला दर्शन योजना, नई औद्योगिक नीति, संवर रहा छत्तीसगढ़ और सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल को बड़े ही कलात्मक ढंग से उकेरा है। सुदर्शन पटनायक की इस कला ने जनता को न केवल छत्तीसगढ़ में एक वर्ष में हुए विकास का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम विजयन ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार की तरफ से केरल सरकार की उस याचिका को खारिज करने के बाद जिसमें उसने राज्य को विझिनजाम बंदरगाह परियोजना के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) किस्तों में चुकाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की थी, इस मामले में सीएम पिनाराई विजयन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि राज्य की तरफ से पुनर्भुगतान पर जोर दिए बिना यह निधि दी जानी चाहिए। अपने खुले पत्र में, सीएम ने आरोप लगाया कि विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह परियोजना देश में एकमात्र ऐसा मामला होगा, जहां भारत सरकार ने व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) सहायता के पुनर्भुगतान की मांग की है।

अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर दो लाख रुपए

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय रिज़र्व बैंक ने कृषि संबंधी सहायक कार्यों के अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि किसान पर 1.6 लाख रुपये की वर्तमान ऋण सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। यह परिवर्तन एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत के कारण से किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय पहुँच प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना कि उनके पास अपनी कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हों।

डूबने से दुनिया में हर साल तीन लाख मौत : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा/ नयी दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डूबने से मरने वालों की रोकथाम पर अपनी पहली रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें 2000 के बाद से विश्व में डूबने से होने वाली मृत्यु दर में 38 प्रतिशत की गिरावट आयी है, लेकिन कम आय वाले देशों में यह जोखिम ऊंचा बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डूबना एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है, जिसमें अनुमान है कि हर घंटे 30 से अधिक लोग डूब रहे हैं और अकेले 2021 में तीन लाख लोगों की डूबने से मौत हुई। करीब डेढ लाख लोगों की मौत 29 वर्ष से कम उम्र में हुई है और एक चौथाई मरने वाले पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे होते हैं। वयस्कों की देखरेख के बिना बच्चों में डूबने का जोखिम विशेष रूप से अधिक होता है।

संसद में ओवैसी ने भाजपा को घेरा

नई दिल्ली(ए.)। संसद में संविधान को लेकर चल रही चर्चा के दौरान एआईएमआईएम के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि देश में मस्जिदें खतरे में आ गईं हैं। वक्फ बोर्ड को छीनने की कोशिश की जा रही है। मुस्लिमों को कमजोर किया जा रहा है। उनको चुनाव लडऩे से रोका जा रहा है। मुसलमान चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डिलिमिटेशन को लागू नहीं किया जा रहा है। ओवैसी ने कहा कि उर्दू को खत्म किया जा रहा है। मुस्लिम संस्कृति को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान सच्चा है। संविधान का अनुच्छेद 26 धार्मिक संप्रदाय को धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए संस्था स्थापित करने और बनाए रखने का अधिकार देता है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि वक्फ का संविधान से कोई लेना-देना नहीं है।

विजयेंद्र ने 150 करोड़ की रिश्वत देने की कोशिश की

बंगलूरू(ए.)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी को वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण के मुद्दे की जांच को दबाने के लिए 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की। सिद्धारमैया ने एक बयान में कहा, मणिप्पाडी ने सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया था कि बी.एस. येदियुरप्पा के मुख्यमंत्री रहते हुए विजयेंद्र ने उनके घर पर आकर वक्फ संपत्ति घोटाले की रिपोर्ट पर चुप रहने के लिए डेढ़ सौ करोड़ रुपये की रिश्वत देने की पेशकश की थी।

राहुल गांधी ने संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला

लड़ाई मनुस्मृति और संविधान के बीच

■ **लोस में जमकर चले वार-पलटवार**

नई दिल्ली(ए.)। भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को लोकसभा में बहस हो रही है। लोकसभा में शनिवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बहस में हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बोलते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और केंद्र पर संविधान पर हमले का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि जब हम संविधान को देखते हैं तो हम देख सकते हैं कि संविधान में महात्मा गांधी, डॉ. आंबेडकर, पंडित नेहरू के विचार दिखते हैं, लेकिन ये विचार कहां से आए? ये विचार भगवान शिव, गुरु नानक, भगवान बासवन्ना, कबीर आदि से आए। हमारा संविधान बिना हमारी प्राचीन विरासत के बिना नहीं बन सकता था। राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर ने अपने लेखों में साफ लिखा है कि हमारे संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं हैं। लड़ाई मनु स्मृति और संविधान के

बीच की है। अब सवाल ये है कि आप सावरकर की बात को मानते हैं या फिर संविधान को। क्योंकि जब आप संविधान की तारीफ करते हैं तो आप एक तरह से सावरकर का विरोध करते हैं। जैसे पहले हिंदुस्तान चलाया जाता था, वैसे ही आप आज भी चलाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य को सिखाने से मना कर दिया था और कहा था कि आप स्वर्ण जाति से नहीं है तो मैं आपको नहीं सिखा सकता। इसके बाद भी एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुष चलाना सीखा। जब एकलव्य ने धनुष चलाना सीख लिया तो द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांग लिया।

यह बोले राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि जब आप अडानी को धारावी का बिजनेस देते हैं तो आप धारावी के छोटे व्यापारियों का अंगूठा काटते हैं। जब आप बंदरगाह, एयरपोर्ट अडानी को देते हैं तो जो लोग ईमानदारी से व्यापार करते हैं आप उनका अंगूठा काटते हैं। लेटेरल एंट्री देकर देश के युवाओं का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी पर सांसद अनुराग ठाकुर का पलटवार

लोकसभा में संविधान को लेकर चल रही बहस के बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा, वैसे ही भाजपा हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काट रही है। राहुल गांधी के इस बयान का भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये अंगूठा काटने की बात करते हैं, लेकिन इनके समय में सिखों के गले काटे गए। ये संविधान जेब में लेकर घूमते हैं, लेकिन कभी इसका पालन नहीं किया। कांग्रेस शासनकाल में संविधान का गला घोंटा गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी यह भी नहीं बता पाए कि भारतीय संविधान में कुल कितने पन्ने हैं।

तीसरी बार दिल्ली कूच असफल

■ **पुलिस ने आंसू गैस-वाटर कैनन से रोके किसान, अब 18 को रोकेंगे ट्रेन**

चंडीगढ़ (ए.)। मांगों को लेकर बीते 10 महीनों से डटे पंजाब के किसानों ने शनिवार को शंभू बॉर्डर से दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिए कूच किया। हालांकि वे बॉर्डर से आगे नहीं जा सके। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। दो घंटे बाद किसान वापस लौट आए। इसके बाद प्रेस वार्ता कर किसान नेताओं ने एलान किया कि 16 दिसंबर को पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा और 18 दिसंबर को पंजाब में ट्रेनें रोकी जाएंगी। किसानों ने पुलिस से कहा कि हमारी आवाज को न कुचला जाए। इस पर पुलिस ने कहा कि किसान दिल्ली जाने की अनुमति दिखाएं और आगे जाएं। पुलिस का कहना था कि यदि किसानों के पास अनुमति है तो वे खुद उन्हें दिल्ली तक छोड़कर आएंगे। इसके बाद किसानों की तरफ से बैरिकेडिंग तोडऩे का प्रयास किया गया। जिसके बाद पुलिस ने किसानों पर वाटर कैनन का प्रयोग किया। इसके अलावा आंसू गैस के गोले छोड़े

गए। पुलिस की कार्रवाई से किसानों में भगदड़ मच गई। किसान कड़ाके की ठंड में ठंडे पानी से बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। किसानों ने आरोप लगाया कि उन पर एक्सपायरी डेट के आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

गंदा पानी फेंकने का आरोप

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि पुलिस की तरफ से गंदा पानी फेंका गया। केमिकल वाला स्प्रे किया गया। किसानों पर पुलिस ने ड्रोन से भी आंसू गैस के गोले छोड़े।

दो घंटे बाद लौटे

करीब दो घंटे की कशमकश के बाद किसानों का जत्था वापस लौट गया। पंधेर ने कहा कि हम चाहते हैं कि देशभर के किसान अपनी आवाज उठाएं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विस शीतकालीन सत्र की तैयारी के मद्देनजर भाजपा के विधायक दल की बैठक

विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब देने सत्ता पक्ष ने बनाई रणनीति, कांग्रेस भी तैयारी में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। 16 दिसंबर से विधानसभा शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। ऐसे में इस बार भाजपा अपने विधायकों को विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए रणनीति बनाई गई। भाजपा के विधायक दल में यह तय हुआ कि कैसे विपक्ष के वार का पलटवार करना है। साथ ही साय सरकार के रिपोर्ट कार्ड को भी विस में रखा जाएगा। इस बैठक में विपक्ष के सवालों का जवाब कैसे देना है इसे लेकर रणनीति बनाई गई।

नए सीएम आवास में हुई विधायक दल की बैठक

बीजेपी विधायक दल की बैठक शुक्रवार की रात नए मुख्यमंत्री निवास में हुई। बैठक में बीजेपी के सभी विधायक और मंत्री मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई बैठक में शीतकालीन सत्र में विपक्ष के सवालों को देने को लेकर रणनीति

बनी। इसके साथ ही मंत्रियों को बताया गया कि उन्हें अपने विभाग के कामों की जानकारी कैसे देनी है। बैठक से पहले सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर केक काटकर जश्न मनाया गय।

ये है शीतकालीन सत्र में बीजेपी की रणनीति

बैठक में विधायकों और मंत्रियों को खुलकर कहा गया है कि विपक्ष के सवालों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। वहीं, विधायक अजय चंद्राकर ने कहा की विपक्ष किसी भी विषय को लेकर आ जाए सरकार पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जो काले कारनामे हैं उससे आगे नहीं बढ़ सकती है। वहीं, विपक्ष के तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी तैयारी तो पहले से ही धुंआ-धुंआ हो गई है। भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर संगठन की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सव्वनी,महामंत्री संजय श्रीवास्तव,रामू रोहरा,भाजपा नेता सौरभ सिंह सहित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री निवास जाकर बधाई दी।

आज होगी कांग्रेस विधायक दल की बैठक

कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार को होगी। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत विधायकों को सरकार को घेरने के मुद्दों को लेकर चर्चा करेंगे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होने के लिए विधायकों को रायपुर बुलाया गया है।

इस अवसर पर सरकार के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद रहे।

कब से है शीतकालीन सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा।

यह सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें आयोजित की जाएगी। 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती होने के कारण अवकाश रहेगा।

16 से विस का शीतकालीन सत्र :

विस अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बताई रूखरेखा

कहा-विधानसभा की रजत जयंती पर सालभर होंगे विविध कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का रजत जयंती वर्ष खास होगा। सालभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इसके साथ नए विभानसभा का लोकार्पण होगा। इस बात की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रजत जयंती के लोगो का विमोचन करने के बाद मीडिया को दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि 14 दिसंबर 2024 से 14 दिसंबर 2025 तक मनाए रजत जयंती वर्ष के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी सदस्यों का स्वागत गणतंत्र ध्वनि के माध्यम से उनका स्वागत किया जाएगा। इस दौरान छाया चित्रों की प्रदर्शनी के अलावा नए विधानसभा के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

विधानसभा परिचय पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा

डॉ. सिंह ने बताया कि इसके अलावा बहुत से आयोजन बजट सत्र के दौरान होंगे. सत्र में संबोधन के अलावा विधायकों के बीच होने वाले क्रिकेट मैच में राष्ट्रपति को आमंत्रित किया जाएगा. रजत जयंती वर्ष में नए विधानसभा का लोकार्पण की जानकारी देते हुए बताया कि भवन का 75 प्रतिशत से अधिक निर्माण का कार्य

पूर्ण हो चुका है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रधानमंत्री शामिल होंगे।

शीतकालीन सत्र में होंगी चार बैठकें

16 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र को लेकर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि चार बैठक होंगी. सत्र की शुरुआत 16 दिसंबर को 11 बजे होगी. राज्य सभा के पूर्व सांसद गोपाल व्यास को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 2024 के अनुपूरक आय, विनियोग पर चर्चा होगी. विधि विशेष कार्य के अंतर्गत निम्नलिखित छत्तीसगढ़, विधानसभा वेतन भत्ता पर चर्चा होगी। 814 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, सदस्यों से 16 दिसंबर 2024 के स्थिति में सूचनाएं प्राप्त हुई है. विधानसभा में और क्या विषय लेंगे, उस पर आगे चर्चा करेंगे।

गरमा-गरम

जनता को दोहरा लाभ ... केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका की ओर छत्तीसगढ़

डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार भी डबल

रायपुर/नवप्रदेश । केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ की जनता को दोहरा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस संकल्प के साथ विकसित भारत की प्रतिबद्धता जाहिर की उसी लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ में भी जनहित कार्यों का सिलसिला लगातार आगे बढ़ रहा है। साय सरकार में गुणवत्ता, जवाबदेही और पारदर्शिता के तीन कार्यस्तम्भ के जरिए लोगों तक सुशासन का संदेश जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का छत्तीसगढ़ को भरपूर लाभ मिल रहा है। केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में छत्तीसगढ़

लगातार अग्रणी भूमिका की ओर बढ़ रहा है। जिनमें पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाएं शामिल हैं।

पौने दो लाख हितग्राहियों को आवास मिला

प्रधानमंत्री आवास योजना में छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से पूरे देश में सर्वाधिक 8.46 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है। मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति के साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सर्वे के पात्र 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को भी पक्का मकान दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में अब तक पीएम आवास योजना ग्रामीण में एक लाख 74 हजार 585 हितग्राहियों को उनका आवास मिल चुका है। प्रदेश में पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को पीएम जनमन योजना का भी लाभ मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातियों के 24 हजार 542 परिवारों को आवास की स्वीकृति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही है। प्रदेश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का लाभ मिल रहा है, इस उपलब्धि के लिए भारत द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्य के 266 सरकारी अस्पतालों को क्वालिटी सर्टिफिकेशन भी दिया है। छत्तीसगढ़ में 11 लाख 20 हजार से ज्यादा मरीज आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हुए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए दिसम्बर 2023 से नवम्बर 2024 तक 883 संविदा पदों पर नियुक्ति भी दी गई है।

11 हजार करोड़ रुपए की मंजूरी

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ रुपए की मंजूरी भी मिल चुकी है। उरगा-कटघोरा बाईपास, बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट और रायपुर-लखनादोन इकॉनोमिक कॉरिडोर के लिए भी केन्द्र से स्वीकृति मिल चुकी है, 236.1 किलोमीटर की कुल लम्बाई वाले इस कॉरिडोर को 9208 करो? रूपए की लागत बनाया जाएगा। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में 20 हजार करोड़ रूपए के विकास कार्यों को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ को पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 240 ई-बसों की स्वीकृति भी मिली है, ये बसें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में चलेंगी। इस सुविधा से आम लोगों को सस्ती दर में परिवहन की सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ के किसानों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का दोहरा फायदा पहुंच रहा है, किसान अपनी सुविधा से अधिकतम 5 लाख तक अल्पकालीन कृषि ऋण भी ले सकते हैं। मोदी जी की गारंटी पर मुख्यमंत्री की पहल से छत्तीसगढ़ के किसानों को उनके धान का देश में सबसे उच्चतम मूल्य मिल रहा है।

रवि योग में लगेगा महाकुंभ, भगवान विष्णु की बरसेगी कृपा

राजेश श्रीवास्तव

प्रयागे कुम्भयोगौ वै माघमासे विधुक्षये।।

कुंभ मेला, दुनिया का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण आयोजन है। यह उन लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, जो स्वयं को पापों से शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति पाने के लिए पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। जैसे-जैसे तीर्थ यात्रा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की अपनी यात्रा की तैयारी कर रहे हैं, वे न केवल आध्यात्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में शामिल होंगे, बल्कि ऐसी यात्रा पर भी निकलेंगे जो भौतिक, सांस्कृतिक और यहां तक कि आध्यात्मिक सीमाओं से भी परे है। इसमें जाति, पंथ या लिंग का भेदभाव दूर कर लाखों लोग शामिल होते हैं। यहां आने वाले प्राथमिक आगंतुकों में प्रमुख रूप से अखाड़ों और आश्रमों, धार्मिक संगठनों के लोग होते हैं, या वे लोग जो भिक्षा पर निर्भर रहते हैं। कुंभ मेला देश में एक केंद्रीय आध्यात्मिक भूमिका निभाता है, जो आम भारतीयों पर एक जादुई प्रभाव डालता है। यह घटना खगोल विज्ञान, ज्योतिष, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं, और सामाजिक और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और ज्ञान को अत्यंत समृद्ध बनाती है।

इस बार महाकुंभ मेले पर रवि योग का निर्माण होने जा रहा है. इस दिन इस योग का निर्माण सुबह 7 बजकर 15 मिनट से होगा और सुबह 10 बजकर 38 मिनट इसका समापन होगा. इसी दिन भद्रावास योग का भी संयोग बन रहा है और इस योग में भगवान विष्णु की पूजा करना विशेष फलदायी माना जाता है. वैदिक पंचांग के अनुसार, पौष पूर्णिमा 13 जनवरी को प्रातः काल 05 बजकर 03 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, पूर्णिमा तिथि का समापन 14 जनवरी को देर रात 03 बजकर 56 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दौरान पहला शाही स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन किया जाएगा। वहीं, 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन दूसरा शाही स्नान किया जाएगा। इसके बाद 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन तीसरा शाही स्नान किया जाएगा। वहीं, 02 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन चौथा शाही स्नान किया जाएगा। 12 फरवरी यानी माघ पूर्णिमा को पांचवा शाही स्नान किया जाएगा। जबकि, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन आखिरी शाही स्नान किया जाएगा। वैदिक ज्योतिषियों का कहना है कि महाकुंभ मेले की तिथि ग्रहों और राशियों के अनुसार ही तय होती है। कुंभ मेले की तिथि निर्धारित करने के लिए सूर्य और बृहस्पति को महत्वपूर्ण माना जाता है. ग्रहों की स्थिति के आधार पर कुंभ का स्थान चुना जाता है। उनका कहना है कि जब बृहस्पति वृषभ राशि में होते हैं और सूर्य मकर राशि में विराजमान होते हैं, तो मेले का आयोजन प्रयागराज में किया जाता है. जब सूर्य मेष राशि और बृहस्पति कुंभ राशि में होते हैं, तब कुंभ का मेला हरिद्वार में लगता है. जिस समय सूर्य और बृहस्पति सिंह राशि में विराजमान होते हैं, तो उस दौरान कुंभ का मेला महाराष्ट्र के नासिक में लगता है. बृहस्पति के सिंह राशि में और सूर्य के मेष राशि में होने पर उज्जैन में महाकुंभ होता है। सनातन धर्म में महाकुंभ मेला का विशेष महत्व है। पौष पूर्णिमा से महाकुंभ मेले की शुरुआत हो रही है। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ मेला का समापन होगा। इस शुभ अवसर पर गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान किया जाता है। साथ ही पूजा, जप-तप एवं दान किया जाता है। कहते है पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है, जन्म-जन्मांतर में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा-भक्ति करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। साधकों पर भगवान विष्णु की कृपा बरसती है। पौष पूर्णिमा के दिन ब्रह्म बेला में उठकर सबसे पहले भगवान विष्णु को प्रणाम करें। इसके बाद दिन की शुरुआत करें। दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अगर सुविधा है, तो गंगा स्नान करें। इस शुभ दिन से महाकुंभ मेले की शुरुआत होगी। अतः पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान करना परम फलदायी होगा। इसके बाद आचमन कर पीले रंग का नवीन वस्त्र धारण करें। अब भगवान भास्कर को जल का अर्घ्य दें। तत्पश्चात, पंचोपचार कर विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करें। पूजा के समय विष्णु चालीसा का पाठ करें। पूजा के अंत में आरती कर सुख-समृद्धि की कामना करें। पूजा के बाद आर्थिक स्थिति के अनुसार दान करें।

पौराणिक कथाओं के अनुसार कुंभ का आयोजन समुद्र मंथन के दौरान आदिकाल से ही हो गया था। जब देवताओं और राक्षसों ने मिलकर अमरता का अमृत उत्पन्न करने के लिए समुद्र मंथन किया था, उस समय सबसे पहले विष निकला था, जिसे भगवान शिव ने ग्रहण किया था। उसके बाद जब अमृत निकला, तो उसे देवताओं ने ग्रहण किया था। काल भेद के कारण देवताओं के 12 दिन मनुष्य के 12 वर्षों के समान हैं, इसलिए महापर्व कुंभ हर स्थल पर 12 साल बाद लगता है। समुद्र मंथन के दौरान देवता और राक्षसों के बीच अमृत के घड़े के लिए लड़ाई 12 दिनों तक चली थी, जो मनुष्य के लिए 12 साल के बराबर माना जाता है। यही कारण है कि हर 12 साल बाद महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। कहा जाता है कि इस अवधि के दौरान नदियां अमृत में बदल गई थीं, इसलिए दुनिया भर के कई तीर्थयात्री पवित्रता के सार में स्नान करने के लिए कुंभ मेले में आते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार देवताओं और असुरों के बीच 12 सालों तक संग्राम चला था। इस संग्राम में 12 स्थान पर अमृत की बूंदें गिरी थीं। इसमें आठ जगह देवलोक और चार जगह पृथ्वी थी। जिन स्थानों पर यह अमृत गिरा था, वह प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक थे। जहां पर महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। कुंभ को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक मेले में से एक माना जाता है. 30-45 दिन तक चलने वाला महाकुंभ हिदुओं के लिए काफी मायने रखता है. भारत ही नहीं, दुनिया के हर कोने से लोग कुंभ मेले में हिस्सा लेने आते हैं. ऐसी मान्यता है कि कुंभ मेले पर गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है. कुंभ का शाब्दिक अर्थ है घड़ा. ऋषियों के काल से ही कुंभ मेला लगता आ रहा है. देवगुरु बृहस्पति के साथ सूर्य का गोचर भ्रमण यानि सूर्य संक्रांति का महत्व स्नान, दान के लिए उपयुक्त माना है। इसी प्रकार जब सूर्य के सानिध्य में आकाश मार्ग में भ्रमण करता हुआ चन्द्रमा आता है, तो यह अपने आप में पृथ्वी पर एक विशेष उर्ज़ा का संचार करता है। इस दौरान पवित्र नदियों के जल में उस विशेष उर्ज़ा को महसूस किया जा सकता है। धार्मिक ग्रंथों में स्नान, दान, जप, तप के कुछ विशेष नियम वर्णित हैं, जिनका विधि-विधान पूर्वक पालन करने से आकाश में उपस्थित ग्रहों की उर्ज़ा मानव का कल्याण करती है। प्रयागराज में कुंभ का आयोजन वृष राशि में देवगुरु बृहस्पति का संचार, मकर राशि में सूर्य की स्थिति और अमावस्या के दिन चन्द्रमा का मकर राशि में सूर्य से मिलन है। इससे पहले 2013 में महाकुम्भ का संजोग बना था। अमृत कलश की रक्षा के समय जिन-जिन राशियों पर जो-जो ग्रह संचरण कर रहे थे, कलश की रक्षा करने वाले वही चन्द्र, सूर्य, गुरु आदि ग्रह जब उसी अवस्था में संचरण करते हैं, उस समय कुम्भ पर्व का योग बनता है। यानि जब फिर से वैसे-वैसे संजोग ग्रहों के योग के रूप में बनते हैं, तभी कुम्भ महापर्व का आयोजन होता है। कुंभ कथाओं में शनि का भी योगदान कुम्भ कलश की रक्षा के लिए माना गया है। धर्मशास्त्रों में वर्णन आता है...

मकरे च दिवानाथे वृषराशिगते गुरौ।

यह मेला भारत में चार अलग-अलग शहरों में आयोजित होता है, इसमें विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल होती हैं, जिससे यह सांस्कृतिक रूप से विविध त्योहार बन जाता है। इस दौरान प्राचीन धार्मिक पांडुलिपियों, मौखिक परंपराओं, ऐतिहासिक यात्रा वृत्तांतों और प्रख्यात इतिहासकारों द्वारा निर्मित ग्रंथों के माध्यम से परंपरा से संबंधित ज्ञान और कौशल दुनियाभर में पहुंचाए जाते हैं। हालांकि, आश्रमों और अखाड़ों में साधुओं के शिक्षक-छात्र के बीच का संबंध कुंभ मेले से संबंधित ज्ञान और कौशल प्रदान करने और सुरक्षित रखने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का जीवंत मिश्रण है, जिसके केंद्र में पवित्र स्नान समारोह होता है। यह गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर होता है, जिसे त्रिवेणी संगम के नाम से जाना जाता है। लाखों भक्त इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान को करने के लिए इकट्ठा होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन पवित्र जल में डुबकी लगाने से पापों से मुक्ति मिलती है, व्यक्तियों और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति मिलती है, और अंततः उन्हें मोक्ष, या आध्यात्मिक मुक्ति की ओर मार्गदर्शन मिलता है। इस प्राथमिक अनुष्ठान के साथ-साथ, तीर्थयात्री नदी के किनारे पूजा में संलग्न होते हैं और श्रद्धेय साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लेते हैं। भक्तों को प्रयागराज महाकुंभ के दौरान किसी भी समय स्नान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन पौष पूर्णिमा से शुरू होने वाली कुछ तिथियां विशेष रूप से शुभ होती हैं। इन दिनों, संतों, उनके अनुयायियों और विभिन्न अखाड़ों के सदस्यों का शानदार जुलूस निकलता है। वे शाही स्नान नामक भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं, जिसे 'राजयोगी स्नान' भी कहा जाता है। यह महाकुंभ मेले की शुरुआत का प्रतीक है। यह परंपरा है कि आस्थावानों को उन संतों के संचित गुणों और आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से अतिरिक्त आशीर्वाद मिलता है, जिन्होंने उनसे पहले स्नान किया है। यह इस सदियों पुराने उत्सव के सांप्रदायिक सार को मजबूत करता है। कुंभ मेले के दौरान, समारोहों की जीवंत श्रृंखला सामने आती है। उनमें से प्रमुख है हाथी की पीठ पर, घोड़ों और रथों पर भव्य प्रदर्शन के साथ अखाड़ों का पारंपरिक जुलूस जिसे 'पेशवाई' कहा जाता है। इसके साथ-साथ, कई सांस्कृतिक कार्यक्रम लाखों तीर्थयात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं, जो इस राजसी त्योहार को देखने और इसमें भाग लेने के लिए इकट्ठा होते हैं। ज्योतिषाचार्य नम्रता दुबे का कहना है कि महाकुंभ न केवल धार्मिक पर्व है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और एकता का प्रतीक है। खास यह है कि महाकुंभ के दौरान गंगाजल में औषधीय गुण बढ़ जाते हैं। इसका वैज्ञानिक अध्ययन भी किया गया है, जो इस पर्व की महिमा को और बढ़ाता है। 2025 का महाकुंभ आने वाले समय में नई पीढ़ी के लिए धर्म और संस्कृति के महत्व को समझाने का एक महत्वपूर्ण अवसर बनेगा।

टेंट सिटी

नैनी के अरैल तट पर, झूंसी व परेड ग्राउंड में टेंट सिटी बसाई जा रही है। यहां पर्यटकों के रहने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले स्विस कॉटेज होंगे। इनका काम काफी तेजी से चल रहा है। इनकी क्षमता बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। अब पर्यटन विभाग नैनी के अरैल में जमीन से 18 फीट ऊपर डोम सिटी तैयार करने जा रहा है। यहां से पर्यटक महाकुंभ का भव्य नजारा देख सकेंगे। खास यह कि 1400 स्क्वायर फीट एरिया में बसने वाली डोम सिटी में 200 लोगों के रहने समेत कई आधुनिक सुविधाएं होंगी। लग्जरी होटल की जैसी सुविधा वाली डोम सिटी को बनाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से टेंडर के बाद की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके लिए किराया आदि संबंधित फर्म ही तय करेगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार महाकुंभ एक तरफआस्था का केंद्र तो है ही यह आकर्षण का भी केंद्र होता है। नागा-अघोरी, साधू-संतों को तो लोग करीब से देखने-जानने आते ही हैं। दिन ढलने के बाद यहां का नजारा कुछ अलग ही होता है। कई किलोमीटर तक तंबुओं का यह शहर चकाचौंध रोशनी से भी लोगों को आकर्षित करता है। इसी को ध्यान में रखकर डोम सिटी का बनाई जा रही है। जो पर्यटकों को आकर्षित व रोमांचित भी करेगी।

कुंभ की गाथा सुनाएंगे चर्चित कलाकार

देश के चर्चित कलाकार महाकुंभ में कुंभ की गाथा सुनाएंगे। दिग्गज एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे। कुम्भ के सफरनामे को कोरियोग्राफ के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। महाभारत शो के साथ ही विभिन्न रामलीलाओं का भी आयोजन होगा। इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी। महाभारत सीरियल फेम पुनीत इस्सर महाभारत की अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रचीन भारत के युग में ले जाएंगे।

सुनो भाई उधो

अइसन होथे महतारी के मया..!

परमानंद वर्मा

दिन बुड़ताहा बेरा, दीया-बत्ती लगे ले धर ले रिहिसे। जहां-तहां कखरो-कखरो दुआरी मं दीया ला बइठार डरे रिहिसे। संझउती झुंझकुर असन बेरा मं अपन घर-दुआरी ले निकलके उही मेर पांच-छै घौं चक्कर मारत टहलत रहिथौं तब का देखथौं- एक ठन बछियाकोन कोती ले ओम्मा...ओम्मा.ओम्मा के गोहार लगावत बोमियावत बिन दाई-ददा कस लइका मोर तीर लेगुजरिस।

ओकर माई दिखत नइ रिहिसे। ओहर लहुट के फेर आथे अउ मोर तीर ले फेर दूसर कोती ले जाके अउ लहुट के आथे। सोचेंव- ये बछिया काबर चिचियावत हे, अइसे तो नहीं के अपन महतारी ला खोजत हे। अतका सोचते रेहेंव ततके मं अपन बेटी के गोहार ला सुनके ओ चंडालिन गाय बही-भुतही असन जना-मना ओकर लइका ला कांही होगे हे, हड़बड़ावत दउड़त अउ उही बेटी असन बोमियावत आथे अउ मोर तीर ले थोकन दुरिहा मं ठाढ़े अपन बेटी करा जाथे। बछिया भुखाय, पियासे रिहिसे तइसे लगथे। बिना कोनो देरी कर अपन दाई (गाय) के थन (स्तन) मं अपन मुंह दता देथे अउ एक ठन थन ला, लइका मन जइसे आइसक्रीम ला चूसथे, चूसे ले धर लिस। महतारी मया के मारे ओकर मुंह-कान अउ पेट-पीठ ला चांटे-चुमे ले धर लिस। महतारी बेटी के मया ला देखके मोर आंखी कोती ले आंसू छलकगे केहेंव,धन्य हे महतारी मन के मया, का बाप मन अइसन मया, दुलार अउ पियार अपन संतान मन ला दे सकथे? मोर अंतस ले आवाज निकलिस- कभू नहीं-कभू नहीं...? महतारी के पार ला बाप मन कभू नइ पा सकय, तीन जुग मं, तीन जनम मं?

कहां, कोन तीर रिहिस होही एहर अउ कइसे बेटी के करनभेदी करुण आवाज ओकर कान मं परिस 'साइरन' बरोबर ते तुरते बिना कोन समेगंवाय लझरंग-लझरंग दउड़त जिहां बछिया लांघन-भूखन छटपटावत रिहिसे, पहुंचगे अउ अपन आप ल बेटी के हवाले कर दिस। बछिया थुथर-थुथर के पन महतारी के स्तन ला बारा हाल कर डरिस, फेर वाह रे महतारी के मया, पन जघा ले थोरको टस के मस नइ होवत रिहिस। एक-एक करके चारोंठेठी ला चुस डरिस, तभो ले छोड़े के नांव नइ लेवत रिहिसे। ओ दृश्य, मोर आंखी मं गड़गे। घेरी-बेरी सुरता आथे तब हिरदय गदगद हो जथे। आंखी न हो जथे। सोचथौं- वाह रे भगवान ए महतारी मन ला तैं कोन माटी मं, कइसन ढंगसे रचथस, जेकर हिरदय मं दया, मया, सेवा, तियाग, तपस्या सबे गुन कूट-कूट के भरे रहिथे, मरद मन मेर अइसन गुन देये बर काबर कंजूसी कर देथस। ये गाय बछिया के ये दृश्य देखे के पहिली उही दिन मोर बेटी बताथे- ददा- मउंसी अपन दाई ला देखे बर अवइया हे। साल भर होगे कोनो बात ला लेके दोनों महतारी बेटी मं मनमुटाव होगे हे। महतारी के मया ओला घर खाय हे। सालभर होगे नइ देखे हंव। एक नजर देख लेतेंव, गोठिया लेतेंव। छटपटावत हौं जइसे तरिया के मछरी बिना पानी के छटपटावत रहिथे अउ कोकड़ा (बगुला) ओकर ताक मं रहिथे। का होगे, कांही बात ला लेके अनबन होगे हे, ओकर संग फेर महतारी तो महतारी होथे, दूसर भाखा मं ओहर भगवान के दूसर रूप हे। डरथे बतावत-बतावत। ऐला कहिथे- महतारी के मया।

व्यंग्य रचना : बना हुआ धर्मवादी

डॉ किशोर अग्रवाल

टीवी चैनल पर आज शाम 6:30 बजे का टेलीकास्ट है। वे लोग 6:00 बजे लेने आएंगे क्या पहनूं? विषय के अनुकूल क्या अच्छा लगेगा, कुछ ऐसा हो कि प्रासंगिक लगे। धोती तो मैं कभी पहनता नहीं अगर पहन लूं तो कार्टून लगूंगा। पाजामा ही ठीक रहेगा। पूरा पजामा पहनने पर भी क्या उनमें से एक लगूंगा ? नहीं अब इस चिंतन का समय नहीं है। हल्की बारिश हुई थी तो जैकेट पहनी जा सकती है। चप्पलें तो कोई कैमरे पर कवर ना करेगा,अतः कोई भी पहनी जा सकती हैं ,कोई भी चल सकती है। मेरे पिछले किसी आलेख में आए अयोध्या जी, राम सेतु, तिलक, ज्योति व गंगाजल आदि शब्दों के प्रयोग के कारण चैनल वालों ने मुझे घनघोर हिंदु समझ लिया था। चैनल के डिबेट विभाग के संयोजक पुरानी जान पहचान के थे तो उन्होंने शाम की लाइव डिबेट में मुझे बुला भेजा। मुझे इस बात का इल्म न था इनमें खुल्लम-खुल्ला धार्मिक विषयों पर बोलने को वह मुझे यूं प्रस्तुत कर देंगे। बहुधा वह किसी माकूल विषय पर व्याख्यान कराया करते थे। पर इस बार एक मौलवी साहब और एक पादरी स्क्रीन पर साथ-साथ उपस्थित थे। मैं इस तरह की बहस का कभी भी हिस्सा ना बना था तो कतराने लगा। ऐन शिकार के समय मेरी कुतिया हगासी देखकर चतुर्वेदी जी ने कहा कि आप क्यों परेशान होते हैं ? सामयिक विषय है कुछ ठांस देना धांसू सा।

चतुर्वेदी जी प्रोग्रामर थे। मैं सकपकाता सा कैमरे के सामने आने के लिए उनके मेकअप रूम में चेहरे पर पाउडर लाली लगवा आया। जैकेट के ऊपरी बटन होल पर छुपा हुआ एक माइक लगवाकर मैं रण क्षेत्र में कूद पड़ा। बहस चल निकली। वे दोनों ही अपने आपको व अपने अनुयायियों को भारत के असल निवासी बताने पर अड़े हुए थे और लगभग कुश्ती के मूड में थे। वे इस खेल के पुराने माहिर और अभ्यस्त लोग थे।उन्होने बारी बारी से अपनी बात इस तरह रखी मानों हिंदु कहीं बाहर से आकर देश में बसे हों। मैंने अपने आप को घिरा हुआ और असहाय पाया। यदि कुत्ते की तरह मेरे पूंछ होती तो शायद अब तक उसे अपने पिछले पैरों में दबाकर समर्पण भाव से मैं उल्टा लेट चुका होता। मैं बात को सीधे-सीधे और तर्कसंगत दृष्टि से प्रस्तुत करने का आदी था ,इसमें मेरा अध्ययन, अनुभव और मेरी व्यक्तव्य शैली का समर्थन होता था, जिसे लोग पसंद भी किया करते थे।परन्तु यहां मेरे शुद्ध संस्कृत के शब्द उनके हाथ हिला हिला कर दी जाने वाली तकरीरों की अभ्यस्त शैली का कुछ भी नहीं बिगाड़ पा रहे थे।

मूल मुद्दा इस देश के प्राचीनतम धर्म व मूल निवासियों द्वारा तब पालनीय धर्म पर कुछ बोलने की जगह वे एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश में लगभग नंगई पर उतारू हो रहे थे और मुझे नजरअंदाज कर रहे थे। अतः तब धर्म वर्म की कभी लपेट में न रहते हुए भी आवेश में आकर मैंने पृथ्वी के उद्गम व उत्पत्ति से लेकर सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण के साथ माया के विलय से संसार की उत्पत्ति व उसका भारत में केंद्र बता कर भारत की महान संस्कृति के लपेटे में ऐसा व्यक्तव्य झाड़ा कि बच्चा लोग दोनों ही चौखाने चित्त हो गए। अपने धर्म को सबसे पुराना बताने की धर्म की ठेकेदारी का उनका शौक जाता रहा। समय पूरा होने पर थैंक्यू वाली मुस्कान के साथ चतुर्वेदी जी के साथ चाय पीकर स्टूडियो से बाहर आया और चैनल वालों की कार मुझे मेरे मकान वाली गली के मुहाने पर छोड़कर चली गई। अब तक मैं अपने द्वारा दिये गये व्यक्तव्य पर सोचता आ रहा था, मुझे लगा कि मैंने बहस में कुछ ज्यादा ही कठोरता बरती। इनके उत्तर कुछ सरल भी दिए जा सकते थे। मेरे उत्तर इतनी गाढी भाषा में दिए गए थे कि उनको भी ना पचे होंगे। यह लोग चिढे वह अलग। मैं अनमना सा घर की ओर चला। मेरे घर की गली के खंभों के दोनों बल्ब फ्यूज थे। कुछ ही दूर गली में धंसा था कि एक पत्थर पैरों के पास गिरा। मैं चिंहुका उठाकर देखा तो गली में उभरे किसी चौबारे के पलस्तर का टुकड़ा था। कुछ और आगे बढ़ा तो पीछे से एक मरियल कुत्ते को दौड़ाते इसी गली के दो मुस्टंडे कुत्ते ऐन मेरी टांगों के बीच से निकल गए। उन्हें उस मरियल कुत्ते के उनकी गली में दाखिल होने पर सख्त ऐतराज था। लौटते में वे कुत्ते मुझे देख कर पूंछ हिलाते आत्मीयता से मुस्कुराए। मेरा साहस बढ़ा मेरा घर भी आ चुका था। अपनी गली में ऐसे अनधिकृत घुस आए बाहरी लोगों को यूं ही दौड़ाकर बाहर छोड़ आना चाहिए ,यही उचित है। मेरी बहस सोलह आने सही थी। मैंने दोनों ससुरों को सुलटा कर ठीक ही किया। मैंने अपनी पीठ ठोकी और घर की दहलीज पर चप्पल उतार कर किनारे सरका दी।

QUIZ TIME

1) माउस के कर्सर की गति को घटाने एवं बढ़ाने के लिए कौन-सा ऑप्शन का प्रयोग किया जाता है?

2) केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर किस द्वीप पर स्थित है?

3) जलियांवाला बाग हत्याकांड में जनरल डायर का सहयोग करने वाले भारतीय कौन थे?

4) भारतीय संविधान के 21वां संशोधन के आठवीं अनुसूची में किस भाषा को जोड़ा गया?

5) संस्कृति मंत्रालय ने किसे 2021 के गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कंट्रोल पैनल (2) दक्षिण अंडमान (3) हंसराज (4) सिंधी (5) गीता प्रेस, गोरखपुर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य · (भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

1		2			3	4	5	■
	■		■	■	6			■
7			8	■	■	■	■	9
	■	■	10		11	■	12	
13	14			■	15	16	■	
■		■	■	■	17			
18		19	■	20	■		■	■
	■	21			■	22		23
24			■	25			■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 256 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:09, सूर्यास्तः 05:22
चन्द्रोदयः 16:07, चन्द्रास्तः 31:04
अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः हेमन्त
शक सम्वतः 1946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वतः 2081 (काल)
मास मार्गशीर्ष
पक्ष शुक्ल, तिथि पूर्णिमा
नक्षत्र मृगशिरा, योग साध्य
प्रथम करण वणिज (16:58 तक)
द्वितीय करण विष्टि (27:42 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य वृश्चिक, चंद्र वृष
मंगल कर्क (उदित, पूर्व, वक्री)
बुध वृश्चिक (उदित, पश्चिम, वक्री)
गुरु वृष (उदित, पश्चिम, वक्री)
शुक्र मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री)
राहु मीन, केतु कन्या
शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 11:51 से 12:32
अमृत काल 24:57 से 26:26
सर्वार्थसिद्धि योग 07:05 से 27:54
अमृतसिद्धि योग 07:05 से 27:54
विजय मुहूर्त 13:54 से 14:35
गोधूलि मुहूर्त 17:16 से 17:43
सायाह्न सन्ध्या 17:18 से 18:41
निशिता मुहूर्त 23:44 से 24:40
राहुकाल 16:30 से 18:30

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन मध्यान तक बेचैनी वाला रहेगा। आप का संकल्प किसी ना किसी व्यवधान के कारण पूर्ण नही हो पायेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए अनुकूल परिस्थिति वाला रहेगा पूर्व में सोची योजनाए सिरे चढ़ने से आय के नए मार्ग विकसित होंगे।

मिथुनःआज के दिन भी स्थिति निराशाजनक रहेगी दिन के आरंभ से ही हानि के डर से किसी भी कार्य को करने से कतराएंगे।

कर्कः आज का दिन मध्यान तक लाभदायक रहेगा। इसके बाद का समय घरेलू अथवा व्यावसायिक उलझनों की भेंट चढेगा।

सिंहः आज का दिन सरकार संबंधित कार्य करने के लिये शुभ रहेगा अधिकारी वर्ग का नरम व्यवहार रहने से काम निकालना आसान होगा।

कन्याःआज के दिन आपके आध्यात्मिक क्षेत्र में उन्नति के योग बन रहे है। आज परोपकार की भावना भी प्रबल रहेगी अपने कार्य छोड़ अन्य की सहायता करने में तत्पर रहेंगे।

तुलाः आज के दिन आपमे भावुकता अधिक रहेगी। दिन के आरंभ से मध्यान तक कि दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी लाभ की आशाएं भी बनी रहेंगी।

वृश्चिकः आज का दिन पिछले दिनों की अपेक्षा सुधार वाला रहेगा। सेहत में सुधार आने से कार्य गंभीर होकर करेंगे।

धनुः आज के दिन मध्यान बाद से आपको आशा के विपरीत फल मिलने लगेगा सेहत भी साथ नही देगी आवश्यक कार्य इससे पहले ही पूर्ण करने का प्रयास करें।

मकरः आज का दिन मिला-जुला फल देगा।मध्यान बाद स्वभाव में विवेक जागृत होगा। पूर्व में किये गए गलत आचरण की ग्लानि मन में रहेगी।

कुंभः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने से मन मे नकारात्मक भाव आएंगे।

मीनः आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा आज आप जल्दी से किसी ठोस निर्णय पर नही पहुच पाएंगे।

न्यूज गैलरी

स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में 14 को भव्य युवा उत्सव

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 14 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली बेमेतरा में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में युवा प्रतिभाओं को अपनी कला, संस्कृति और खेलकूद से संबंधित क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें सामूहिक लोक गीत, सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत व नृत्य, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद, कहानी लेखन, कविता, चित्रकला, और तत्कालिक भाषण की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रॉक बैंड और मोबाइल फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएँ सीधे जिला स्तर पर आयोजित की जाएँगी।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने जिला स्तरीय समिति गठित

बेमेतरा/नवप्रदेश। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2024 और नगरीय निकाय चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति का मुख्य कार्य दोनों चुनावों के आयोजन को सुचारू, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना हैं। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2024 अंतर्गत श्रीमती अंकिता गर्ग अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रकाश भारद्वाज अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बेमेतरा, डीआर साहू सहायक प्राध्यापक पीजी कालेज बेमेतरा, सुनील झा सहायक परियोजन अधिकारी समग्र शिक्षा, धनराज मेश्राम प्रभारी जिला अंकेक्षक जिला पंचायत, नरेन्द्र कुमार बंजारे संकाय सदस्य जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, उमाशंकर खाण्डे संकाय सदस्य जिला पंचायत संसाधन केन्द्र।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया

खैरागढ़/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में जिला स्तरीय खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों का सम्मान कर शासन के योजनाओं से लाभावित भी किया गया। कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समुदाय में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, समान अवसर व अधिकार प्रदान करने तथा इनके सामर्थ्य से परिचित कराने आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले भर के दिव्यांग जन मौजूद रहे । कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चन्द्राकर, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

25 वर्षीय निहाली के अंगदान से हुई दो लोगों की ज़िंदगी रोशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लगातार अंगदान एवम अंग प्रत्यारोपण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए लगतार प्रयास किये जा रहे हैं । नवम्बर 2023 से नवम्बर 2024 तक अब तक 146 लोगों को नया जीवन मिला है। राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन छत्तीसगढ़, प्रदेश में सभी अंगों की ज़रूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हाल ही में गुरुवार रात डोंगरगढ़ की हंसमुख बेटी निहाली ने अपने अंगदान कर दो लोगों के जीवन की ज्योत जलायी है। अंगदान महादान की इस अभियान में डोंगरगढ़ की 25 वर्षीय छात्रा निहाली टेम्भुरकर ने एम्स में अपनी आखिरी साँसों के साथ दो लोगों को डायलिसिस जैसी कष्टदायक इलाज से मुक्त किया। निहाली का पूरा परिवार उसके इस दान से अत्यंत गौरवान्वित है और आगे भी लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने में शासन का सहयोग करने में तत्पर हैं।

महादेव सट्टा: केडिया को रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा

शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की 160 करोड़ की संपत्ति अटैच

■ **एप प्रमुख सौरभ चंद्राकर-रवि उप्पल के करीबियों में से एक नितिन टिबरेवाल**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव सट्टा एप से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की करीब 160 करोड़ की संपत्ति अटैच कर ली है। एप के प्रमोटर विकास छापरिया के करीबी केडिया के द्वारा स्टाक पोर्टफोलियो फर्म का संचालन करने के जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान सट्टे से अर्जित रकम को परफेक्ट प्लान इंवेस्टमेंट एक्सिम जनरल ट्रेडिंग और टेक प्रो-आईटी सॉल्यूशन जैसी कंपनियों के माध्यम से निवेश करने की जानकारी मिली है। कोलकाता से गिरफ्तार आरोपित केडिया को पांच दिन की रिमांड के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सट्टे की कमाई को शेयर में लगाता था: विकास छपरिया के



कहने पर गोविंद केडिया सट्टे की कमाई को शेयर बाजार में निवेश करता था। इन निवेशों से होने वाले लाभ और हानि को कथित तौर पर 75:25 के अनुपात में बांटा गया था। इसमें गोविंद केडिया ने कुल निवेश के केवल 25 प्रतिशत पर ब्याज लिया था। 2023 में ईडी ने गोविंद केडिया के ठिकानों पर छापेमारी कर 18 लाख रुपए नकदी और 13 करोड़ के सोने के गहने जब्त हुए थे। गोविंद केडिया की अहम कड़ी: गोविंद केडिया का नाम टेकप्रो आईटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर होल्डर नितिन टिबरेवाल से जुड़ा हुआ है। नितिन टिबरेवाल पर महादेव आनलाइन बुक सिंडिकेट के लिए कंपनी का इस्तेमाल करने का आरोप है। ईडी का दावा है कि टिबरेवाल ने अवैध सट्टेबाजी संचालन से होने वाली आय को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से शेयर बाजार में लगाया। इसके जरिए शेयर ट्रेडिंग के माध्यम से करोड़ों के काले धन को सफेद किया गया। इस पूरे खेल में गोविंद केडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

साझेदारी की फर्म

जांच के दौरान ईडी विकास की कंपनियों की 236.30 करोड़ रुपये नकदी डेरिवेटिव और सुरक्षा होल्डिंग्स को फ्रीज कर चुकी है। वहीं गोविंद केडिया की सेल कंपनी मेसर्स लैक्सिस रेजीडेंसी एलएलपी विकास छपरिया की पार्टनरशिप फर्म और एक अन्य महादेव सट्टा एप के आरोपित नितिन टिबरेवाल से जुड़ी थी।

परिक्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा अयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू ने

10.40 लाख के सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

■ **विधायक साहू ने कहा, कराएंगे कर्मा भवन का निर्माण**

बेमेतरा/नवप्रदेश। परिक्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा ग्राम जेवरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात साहू समाज एवं सर्व समाज के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल एवं साल भेंटकर विधायक दीपेश साहू के हाथों सम्मान किया गया। इस दौरान झुमुख साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, लाल सिंह साहू, गिरधारी साहू, टीकाराम साहू, कोमल साहू, हेमकुमार साहू, संचालक जितेंद्र साहू, डोमन साहू, पंचराम डंडे सरपंच, योगेश साहू उपसरपंच, वेद प्रकाश साहू, राम सिंह साहू, दुलेश्वर साहू, मुक्तानंद साहू, नेतराम साहू, फल्गु साहू, माधव दास, मोहित साहू, झम्मनपुरी गोस्वामी, उत्तम कुमार, कुबेर, लक्ष्मी साहू, पुष्पा साहू, मोहित साहू, अशोक साहू, आनंद साहू एवं समस्त समाज के वरिष्ठ सामाजिक बंधु, साहू समाज के पदाधिकारी, ग्रामवासी उपस्थित रहें।

10.40 लाख के सीसी रोड़ निर्माण का किया भूमिपूजन - कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू ने जनता की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए समृद्धि बेमेतरा की उदेश्य और आज ग्रामवासियों की मांग को पूरा करते हुए आनंद किराना दुकान से उत्तरा दिवाकर के घर तक 200 मीटर सीसी रोड़ 5.20 लाख रुपए, बाजार चौक से रेवा साहू के घर तक 200 मीटर 5.20 लाख रुपए के सीसी निर्माण का भूमिपूजन क़र ग्रामवासियों को बधाई दी। इस प्रकार कुल मिलाकर 10.40 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान समाजनों के मांग पर 20 लाख रूपये के कर्मा भवन की घोषणा भी विधायक द्वारा किया।

हमारे किसान भाइयों को 3100 रुपए की भाव की दर से धान खरीदी जा रही हैं जिससे किसानों के चेहरे में स्पष्ट खुशी झलक रही हैं। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सलेंडर गैस प्रदान किया जा रहा हैं। कच्चा आवास को ध्यान में रखते हुए गरीब किसान भाइयों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया जा रहा हैं। किसान सम्मान निधि के तहत साल 6 हजार किसान भाइयों को केंद्र सरकार द्वारा सीधे उनके खाते में ट्रांसफ़र किया जाने हैं, जिससे किसान खेती बाड़ी के दिनो में उनका उपयोग कर जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास के लिए छूटे लोगों को मिलेगा जल्द लाभ

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चाहे जो भी स्थिति रहा हो, अपने पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाई और विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महिलाओं की खाते में 1000 पहुंच रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार में हम विकास कार्य से कोई कमी आने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री आवास के लिए जिनका भी नाम छूटा होगा, उन्हें इनका लाभ जल्द मिलेगा।

साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर कार्यशाला आज

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच रायपुर चैप्टर छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्र की बाहरी एवं आंतरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान परिदृश्य के डिजिटल युग में साइबर वार एवं साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों जैसे धोखाधड़ी, फेक न्यूज़, साइबर अरेस्ट और साइबर बुलिंग जैसे क्राइम से भारत की आंतरिक सुरक्षा को ख़तरा तथा सामान्य नागरिक एवं छात्र छात्राओं खासकर युवाओं को पड़ने वाले प्रभाव जैसे इस तरह के खतरों से सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंचन फैंस रायपुर चेप्टर द्वारा राष्ट्रीय पहल पर 14 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में साइबर जागरूकता एवं साइबर युद्ध अभियान पर एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय (राष्ट्रीय संगठन महामंत्री फैंस), विशिष्ट अतिथि विक्रमादित्य सिंह जी (राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री) तथा डॉ वर्णिका शर्मा जी राष्ट्रीय महामंत्री (राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच), मुख्य वक्ता आर के विज (पूर्व पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़), आलोक विजयंत (पूर्व निर्देशक एन टी आर ओ) का व्याख्यान होगा। आयोजन समिति से तौकीर रज़ा अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक (राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच फैंस रायपुर), डॉ एन पी यादव संरक्षक, डॉ भूपेंद्र साहू एवं रितेंद्र नायक महामंत्री रायपुर चैप्टर छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे।

कार्यशाला में पुलिस विभाग,छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के

दत्तात्रेय मंदिर में महाराष्ट्र मंडल की प्रतिभाओं के गूंजे भक्ति गीत- भजन

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रह्मपुरी स्थित दत्तात्रेय मंदिर में दत्त जयंती के अवसर पर शुक्रवार को महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक भजनों के प्रस्तुत दी। वहीं देर शाम मंडल के आजीवन युवा सदस्यों की टीम 'मिले सुर हमारा' ने कराओके संगीत के माध्यम से सुमधुर गीतों व भजनों से समां बांधा। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने गणपति के भजनों से अपने भक्तिमय कार्यक्रम की शुरुआत की। फिर भी

उनके ज्यादातर भजन दत्त भगवान से संबंधित थे। इनमें प्रमुख 'दत्त राज दारी आला', 'कुणी दत्त पाहिला का माझा', 'अभी सुत तुस दत्ता नमिता' जैसे भजन प्रमुख रहे। वल्लभ नगर केंद्र की ओर से भजनों की प्रस्तुति में शुभदा अगस्ती, रोहिणी चिमोटे, विजय चौधरी, अपर्णा देशमुख, कांचन पुसदकर, रोहिणी पेंडसे, शुभांगी आप्टे, मीणा चांदे, शोभा थाडा, शोभा पाटिल, मानसी विठालकर, लीना समेत अनेक महिलाओं शामिल रहीं। भजनों के प्रस्तुति के बाद महाआरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। दत्तात्रेय मंदिर के सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि देर शाम 'मिले सुर हमारा' की ओर से युवाओं की टीम ने कराओके संगीत के माध्यम से भक्तिमय गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी मे सुशासन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

कोंडागांव/नवप्रदेश। विकास खंड कोंडागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी में? सुशासन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण में एवं व्याख्याता अंकित गुप्ता के सफल नेतृत्व में विद्यालय स्तर पर सुशासन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल प्रणाली का उपयोग करते हुए केबीसी के तर्ज पर कराया गया। शासन के निर्देशअनुसार सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक अंकित गुप्ता ने बताया कि पहले विद्यालय स्तर पर मौखिक परीक्षा की गई उसमें चयनित सर्वश्रेष्ठ दो विद्यार्थी अरविंद कोरार्म एवं विशाखा पटेल के साथ प्रतियोगिता आयोजित की गई। किस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा 12 प्रश्नों का लगातार सही जवाब दिया गया। इस प्रतियोगिता में शासन की योजना एवं पिछ्ले एक वर्ष की गतिविधि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अली बख्श शेख, सरिता मांझी ,कुंती नेताम, खोगेंद्र प्रकाश नाग, निर्मल कुमार सिन्हा, तिलकराम मांडवी ,उत्तरा साहू, राजकुमार तिग्गा, कल्पना पैकरा, रूपाली शुक्ला ,शोभीराम नेताम , वंदन भोय एवं विद्यालयीन कर्मचारी अमजद पोयम ,दीपक ध्रुव ,भुनेश्वर सूर्यवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

विधायक ईश्वर साहू ने 5 यात्री प्रतीक्षालय व प्रार्थना शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

साजा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविन्द्र चौबे के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा के नेतृत्व में आज ब्लॉक मुख्यालय साजा में किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वर्मा ने कहा कि पुरे प्रदेश में 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हैं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार की नितियों एवं धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था के कारण प्रदेश के किसानों विभिन्न परेशानियों से जुझ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 50 प्रतिशत पुराने व 50 प्रतितशत नये बारदाने में खरीदी करने की नितियों बनाई हैं, परंतु पुराने बारदाने अभी तक खरीदी केन्द्रों में नहीं पहुंचा हैं, जिसके कारण किसानों की बारदानों में धान खरीदा जा रहा है। जिसके कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। वहीं युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु ने प्रदेश सरकार पर किसानों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया हैं और कहा कि इस वर्ष टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक हैं, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा हैं। समय पर किसान को टोकन नहीं मिल पा रहा हैं। ऑनलाईन माध्यम में 15-20 दिन तक फुल दिखाया जा रहा हैं। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी हो रही हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही हैं। सरकार ने यह घोषणा किया हैं कि धान खरीदी के बाद 72 घंटे के अंदर भुगतान करना सुनिश्चत की गई हैं, परंतु तय समय पर किसानों को भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने घोषणा पत्र के अनुसार 3100 रूपये में एक मुस्त धान खरीदी करने की बात कही थी।

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर संगठन की ओर से आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सव्वनी,महामंत्री संजय श्रीवास्तव,रामू रोहरा,भाजपा नेता सौरभ सिंह सहित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री निवास जाकर बधाई दी।इस अवसर पर सरकार के वरिष्ठ मंत्री श्री केदार कश्यप भी मौजूद रहे।

पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला को तकनीकी ज्ञान नहीं है : सिन्हा

गरियाबंद//नवप्रदेश। जिला गरियाबंद भाजपा पूर्व जिला महामंत्री व वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के सिकासार के पानी को महासमुन्द जिला नहीं ले जाने का विरोध किये जाने ब्यान पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला को तकनीकी ज्ञान नहीं है, सिकासार जलाशय का पानी नहीं बल्कि पैरी नदी से बरसात में बहने वाले जो बेकार बह जाता है वो पानी को ही महासमुन्द जिला को दिए जाने के लिये सर्वे किये जाने का कार्य होंगे । इनको स्वप्न में भी प्रथम पंचायत मंत्री दिखता है किन्तु राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता अमितेश शुक्ल को नकार चुकी है । भाजपा नेता श्री सिन्हा ने कहा कि जैसे- बिन पानी विकल भई मीना अर्थात बिना पानी की मछली तड़पती है, उसी तरह बिना सत्ता की काँग्रेस तड़पती है और अमितेश शुक्ला भी तड़फरहा है फलस्वरूप जनता के जनादेश को सम्मान करना भूलकर उलूल जुलूल ब्यानबाजी करते रहते हैं । उन्होंने कहा कि यह दुर्भगय है राजिम क्षेत्र के कांग्रेस (द्बहृष्ट) पार्टी की खोख सुनी हो गई है जहाँ कार्यकर्ता नहीं है जो विधायक का प्रत्याशी बन सके ? अरे कांग्रेसियों इसी तरह शुक्ल परिवार का गुलामी करते रहे तो आने वाले समय में अमितेश शुक्ल परिवार से भवानीशंकर शुक्ला, अनादिशंकर शुक्ला मैदान में दिखाई देंगे? हालाँकि भाजपा उनको नेतृत्व करने का अवसर नहीं देगी क्योंकि हमारे पार्टी में और राजिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की फौज है जो वर्ष 2003 से नेतृत्व कर रहे हैं । श्री सिन्हा के अनुसार क्षेत्र का महत्वपूर्ण सिंचाई योजना सिकासार जलाशय (बाँध) का निर्माण कार्य सन 1977 में प्रारम्भ हुआ उस समय कांग्रेस पार्टी एवं पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी पराजित हो गये थे और सरकार राज्य व केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार थी । उक्त बाँध सन1980 में पूर्ण हो गया था जिसका श्रेय छत्तीसगढ़ का गाँधी श्रद्धेय संत कवि श्री पवन दीवान जी मंत्री थे तो श्रेय जनता पार्टी और संत श्री दीवान जी को जाता है।

आंदोलन... ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सैंकड़ों की संख्या में पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

साजा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविन्द्र चौबे के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा के नेतृत्व में आज ब्लॉक मुख्यालय साजा में किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वर्मा ने कहा कि पुरे प्रदेश में 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हैं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार की नितियों एवं धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था के कारण प्रदेश के किसानों विभिन्न परेशानियों से जुझ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 50 प्रतिशत पुराने व 50 प्रतितशत नये बारदाने में खरीदी करने की नितियों बनाई हैं, परंतु पुराने बारदाने अभी तक खरीदी केन्द्रों में नहीं पहुंचा हैं, जिसके कारण किसानों की बारदानों में धान खरीदा जा रहा है। जिसके कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। वहीं युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु ने प्रदेश सरकार पर किसानों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया हैं और कहा कि इस वर्ष टोकन की

व्यवस्था अव्यवहारिक हैं, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा हैं। समय पर किसान को टोकन नहीं मिल पा रहा हैं। ऑनलाईन माध्यम में 15-20 दिन तक फुल दिखाया जा रहा हैं। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी हो रही हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही हैं। सरकार ने यह घोषणा किया हैं कि धान खरीदी के बाद 72 घंटे के अंदर भुगतान करना सुनिश्चत की गई हैं, परंतु तय समय पर किसानों को भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने घोषणा पत्र के अनुसार 3100 रूपये में एक मुस्त धान खरीदी करने की बात कही थी, परंतु अभी किसानों को केवल 2300 रूपये में भुगतान किया जा रहा हैं, जो कि किसानों के साथ वादाखिलाफी हैं। उक्त प्रदर्शन के दौरान साजा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, दिनेश वर्मा जनपद अध्यक्ष साजा, पूर्व अध्यक्ष ओम दाऊ, गुड्डू जायसवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि, सेक्टर अध्यक्ष विजय दुबे, राजेश चंदेल, हनु साहू, संजू चंदेल, कामता गायकवाड़, संदीप चौबे, संतोष तिवारी, मनोज भुवाल, संतोष पटेल, जनार्दन सिंह ठाकुर, राजा चौबे जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, ईश्वर वर्मा, राजू चौहान, बलकरण वर्मा, रोहित वर्मा, केशव साहू उपाध्यक्ष, चिंता वर्मा, धर्मेंद्र साहू, संजीवन विश्वकर्मा, सेवा साहू, आयुष यदु, बाबू लाल वर्मा, जिवेश वर्मा, जगदीश सिंह ठाकुर, योगेश बागरेचा, बाजीगर यादव, युगेश्वर सोनी आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने एक साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया: दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से 1 घंटे का सरकार की बदहाली को लेकर पोस्टर प्रदर्शन किया गया, जिसके तहत शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर कांग्रेसजन भाजपा सरकार के विभिन्न विफ्लताओं बलौदाबाजार अग्निकांड, लोहारीडीह हत्याकांड, बलरामपुर पुलिस अभिरक्षा में हुयी मौत, आदिवासी फर्जी मुठभेड़, हसदेव जंगल कटाई, महिलाओं के साथ हो रही अनाचार, प्रदेश में बदहाल कानून-व्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों का पोस्टर बनाकर मौन-प्रदर्शन करते हुए आम जनता का ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि को के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।

न्यूज गैलरी

नाबालिग से छेड़छाड़, आपत्तिजनक वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तथा उसका वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम छोटे बेठिया के शासकीय स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने थाना छोटे बेठिया में नाबालिग छात्रा के साथ घटित छेड़छाड़ तथा आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की घटनाओं के संबंध में दो अलग अलग शिकायत प्रस्तुत किया जिस पर थाना छोटे बेठिया में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी स्कूल के प्यून प्रकाश साहा उम्र 23 वर्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 10/2024 धारा 74,75(1) बीएनएस व धारा 8 पॉक्सो एक्ट के तहत एवं नाबालिग छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी मंगडू पददा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 11/2024 धारा 67क्क आईटी एक्ट ,धारा 15,23 पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दावा-आपत्ति का निराकरण कर रिक्त पदों की मेरिट सूची जारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत नारायणपुर में प्रधानमंत्री आवास-ग्रामीण योजनांतर्गत जिला, जनपद स्तर के रिक्त पदों के चयन हेतु मेरिट सूची प्रकाशित कर 04 दिसम्बर समय दोपहर 3 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। प्राप्त दावा आपत्तियों का जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा निराकरण किया गया। निराकरण सूची का प्रकाशन वेब साईट 222.cgstate.gov.in & www.narayanpur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है।

भारी एवं उल्का वाहन चालक के पदों पर भर्ती हेतु प्रायोगिक परीक्षा 20 से 24 दिसम्बर तक

नारायणपुर/नवप्रदेश। वनमण्डल नारायणपुर अंतर्गत भारी एवं उल्का वाहन चालक के पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही हेतु निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत भारी एवं हल्का वाहन चालक हेतु पात्र अभ्यर्मियों की सूची वेबसाईट ीजजचेरूध्ध्वितमेजण्बहण्हवअण्पदध् में कर दी गई है। पात्र अभ्यर्थियों की प्रायोगिक परीक्षा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारागणपुर के परेड ग्राउण्ड के समीप अन्य खेल मैदान में 20 से 24 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची वनमण्डल कार्यालय नारायणपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में किया गया प्रेस वार्ता का आयोजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में प्रेस वार्ता का आयोजन नया रेस्ट हाउस नारायणपुर में किया गया। कार्यक्रम में कांकेर विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रेस वार्ता में विधायक श्री आशाराम नेताम ने प्रदेश में पिछले एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है।

भाजपा सरकार का एक साल, कानून व्यवस्था बदहाल : पोटाई

- **किसानों के साथ हुआ वादा खिलाफी**

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि एक ओर छ.ग में भाजपा सरकार एक साल का जश्न मना रही है वही दूसरी ओर छ.ग की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बेरोजगार, किसान, मजदूर, दिव्यांजन और कर्मचारी गण लगातार आन्दोलन के लिए मजबूर है भाजपा सरकार की कथित सच्चाई यह है कि एक साल में लागातार हत्या, लूट, बलात्कार, डकैती, गैगवार, गोलाबारी, चाकू बाजी, नशाखोरी और अवैध कारोबार की बाढ़ आ गई है। बस्तर जैसा शान्त क्षेत्र भी इससे अछूता नही रहा। पोटाई ने आगे कहा की भाजपा के शासन काल में पहले बलौदाबाजार की घटना हुई फिर पूंजीपतियों को लाभांवित करने के लिए हसदेव की जंगल को उजाड़ दिया गया कवर्धा में बहुत बडी घटना घट गई मुख्यमंत्री निवास से 1 किलोमीटर की दूरी में एक आदिवासियों की हत्या की जाती है कोडागांव जिले के आदिवासी महिलाओं के साथ अनाचार किया जाता है यह है भाजपा सरकार की सच्चाई। आज स्थिति यह है कि प्रदेश में कलेक्टर और एसपी कार्यालय तक सुरक्षित नहीं है भय मुक्त वातावरण और सुशासन देने की बात कहने वाली भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। शराब बंदी की बात करने वाले भाजपा के शासन आबकारी से राजस्व प्राप्ति हेतु 10 हजार करोड़ का लक्ष्य रखा गया जिससे प्रदेश में शराबखोरी को बढावा मिला जबकि कांग्रेस सरकार में आबकारी से राजस्व 6300 करोड़ मिलता था। पोटाई ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी फैल हुई है अनियमित कर्मचारियों को सौ दिन में नियमित करने का वादा झूठा साबित हुआ उल्टा विद्या मितान अतिथि शिक्षक और संविदा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है एक लाख शासकीय पदों पर नियमित कर्मचारी भर्ती करने का वादा भी जुमला निकला।

अनियमित कर्मचारियों को सौ दिन में नियमित करने का वादा झूठा साबित हुआ

शराब बंदी की बात करने वाले भाजपा के शासन आबकारी से राजस्व प्राप्ति हेतु 10 हजार करोड़ का लक्ष्य रखा गया जिससे प्रदेश में शराबखोरी को बढावा मिला जबकि कांग्रेस सरकार में आबकारी से राजस्व 6300 करोड़ मिलता था।श्री पोटाई ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी फैल हुई है अनियमित कर्मचारियों को सौ दिन में नियमित करने का वादा झूठा साबित हुआ उल्टा विद्या मितान अतिथी शिक्षक और सविदा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है एक लाख शासकीय पदो पर नियमित कर्मचारी भर्ती करने का वादा भी जुमला निकला।

पैसा वापस मांगने पर मुझे एवं मेरे पति व बच्चे को जान मारने की धमकी दी

स्थानांतरण रुकवाने सात लाख से अधिक राशि लेकर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/कोरर। कोरर पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में दुर्ग के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।कोरर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसिला के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशानुसार 13 दिसम्बर 2024 को प्रार्थीया कामिनी साहू पति मनीष साहू उम्र 37 वर्ष साकिन भुईगांव थाना चारामा हाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार थाना कोरर के द्वारा थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, मोबाइल नंबर 7898258555 के धारक मनिन्दर उर्फ सन्नी सिंग के द्वारा तुम्हारा बीजापुर स्थानांतरण हो गया है तुम्हारा स्थानांतरण को रूकवा दूंगा बोलकर 7,70,000 रूपये का धोखाधडी किया है पैसा वापस मांगने पर मुझे एवं मेरे पति व बच्चे को जान से खतम कर दूंगा की धमकी दिया है कार्यवाही की जावे आवेदन के प्रथम दृष्टिया पर आरोपी मोबाइल नंबर 7898258555 के धारक मनिन्दर उर्फ सन्नी सिंग का कृत्य अपराध धारा 420,506 (बी) भादवि का पाये जाने से अपराध सदर का कायम कर

विवेचना में लिया गया बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर धोखाधड़ी संबंधी अपराध घटित होने से मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर थाने के अपराध क्रमांक 74/2024 धारा 420, 506 (बी) भादवि के आरोपी मनिन्दर सिंग उर्फ सन्नी सिंग पिता गुरूचरण सिंग उम्र 39 वर्ष साकिन रिसभ सिटी प्राईम ब्लाक सी फ्लैट नंबर 104 दुर्ग थाना कोतवाली व जिला दुर्ग की पता साजी कर मिलने पर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया जाकर बारिकी से पूछताछ करने से अपराध करना कबूल करने पर आरोपी मनिन्दर सिंग उर्फ सन्नी सिंग को 14दिसम्बर 2024 को गिरफ्तार कार जेल भेजा गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, उनि तुलसी राम कोसिमा आर. 735 राजकुमार यादव, 1100 श्रवण ठाकुर, 884 दुवारू मंडावी एवं साइबर सेल कांकेर का विशेष योगदान रहा।

धोखाधड़ी के आरोपी आरोपी मनिन्दर सिंग उर्फ सन्नी सिंग पिता गुरूचरण सिंग उम्र 39 वर्ष साकिन रिसभ सिटी प्राईम ब्लाक सी फ्लट नंबर 104 दुर्ग थाना कोतवाली व जिला दुर्ग,का बताया गया है।

अवैध गांजा तस्करी में दोषी पर आरोपी को विशेष न्यायालय ने सुनाई 10 साल की सजा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट उत्तरा कुमार कश्यप की अदालत ने अवैध गांजा तस्करी के मामले में आरोपी सरफराज हुसैन (34) निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को दोषी ठहराते हुए 10 साल कठोर कारावास और 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।मामले के संबंध में विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि19 फरवरी 2024 की शाम को केशकाल थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे 30 पर विश्रामपुरी चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक यूपी 16 बीसी 8402 से 28 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया था। वाहन में मौजूद सरफराज हुसैन इस गांजे की तस्करी कर रहा था। मामले की जांच और पर्याप्त सबूतों के आधार पर न्यायालय ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाया गया जिस पर माननीय न्यायालय ने सरफराज हुसैन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और जुर्माना न चुकाने की स्थिति में उसे अतिरिक्त सजा भुगतने सजा से दण्डित किया है ।

सुशासन के एक साल पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई

- **आगंतुकों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा- पिछले एक साल में हुई हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति**

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार का आज एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य एवं जिले की उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर आधारित छायाचित्रों का प्रदर्शन किया गया। जिला कार्यालय आने वाले आगंतुकों एवं फरियादियों ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले एक साल में चहुंमुखी उत्तरोत्तर प्रगति हुई है।

कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आज जिला कार्यालय परिसर में जनसम्पर्क विभाग द्वारा दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी एवं अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने किया। उक्त शिविर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा कांकेर जिले की उत्कृष्ट उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। जिले के भानुप्रतापपुर से आए श्री विष्णु यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने राज्य शासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह किसानों को उनका वास्तविक सम्मान देने वाली सरकार है। कांकेर निवासी सुश्री जयश्री सिन्हा और कंचन शोरी ने कहा कि विगत वर्षों में हुए पीएससी घोटालों की जांच कर साय सरकार ने यह सिद्ध कर दिया कि अब वास्तव में युवा वर्ग के साथ निष्पक्ष न्याय होगा।

प्रदर्शनी का ग्रामीणों ने किया अवलोकन

नारायणपुर/नवप्रदेश। 14 दिसम्बर 2024// मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए नारायणपुर के पुराना बस स्टैण्ड में में जनसम्पर्क विभाग द्वारा दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाया गया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी का आमजनों ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की तस्वीरें और जानकारी प्रदर्शित की गई। इसमें प्रमुख योजनाओं में पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाएं, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना के तहत् किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि और ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया।

उपभोक्ता आयोग ने कथित बड़ी कंपनियों पर चलाया हंटर

कांकेर/नवप्रदेश। हमारे देश में प्रायः देखा जाता है कि भारी भरकम कंपनियां अथवा बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत में बहुत अच्छी सर्विस देकर अपनी साख जमा लेती हैं और जब आम जनता उन पर पूरी तरह विश्वास करने लगती है, तब उनकी सेवाओं में कमी तथा व्यवसाय में कदाचरण प्रवेश कर जाता है। इसका उदाहरण काँकेर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष प्रस्तुत एक मुक़दमे में नज़र आया । शहर के जवाहर वार्ड चर्च गली निवासी हेमंत रजक पिता स्वर्गीय दशरथ रजक ने अमेज़ॉन क्लाउडट्रेल कंपनी इंडिया (मुख्यालय हैदराबाद तेलंगाना) तथा क्वैस केयर सर्विस लिमिटेड नई दिल्ली के माध्यम से रेडमी कलर स्मार्ट एंड्राइड नई टीवी क्रय की थी, जिसके लिए 10 जून 2021 को 38,999/ में सौदा हुआ था, जिसमें दोनों कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से 3 वर्ष की वारंटी भी दी गई थी। उक्त टीवी 10 फरवरी 2024 को अचानक बंद हो गया। फ़रियादी द्वारा इसकी सूचना बाक़ायदा क्वैस केयर कंपनी को दी गई, जिसके टेक्नीशियन ने आकर पता नहीं क्या जांच की। इसके बाद फ़रियादी को 22 फरवरी 2024 को फोन आया कि आपके

टीवी पर मरम्मत खर्च अधिक होने की दशा में नहीं बनवाया जा सकता और आपका 20,859/ का ही क्लेम पास किया जाता है। कंपनी के इस बेईमानी भरे संदेश से व्यथित होकर हेमंत रजक ने अंततः उपभोक्ता आयोग ज़िला काँकेर की शरण ली ,जहां इस मामले की निष्पक्ष सुनवाई होकर सूक्ष्मता पूर्वक विचार किया गया। कंपनियों को भी 45 दिन का समय दिया गया लेकिन उधर से किसी ने भी अपना पक्ष नहीं रखा। इस कारण उपभोक्ता आयोग ने एकतर्फ़ा फ़ैसला सुनाया। फ़ैसले में आयोग की अध्यक्ष माननीय श्रीमती सुजाता जसवाल तथा माननीय सदस्य डाकेश्वर सोनी ने कंपनियों को व्यावसायिक कदाचरण तथा सेवा में कमी का दोषी पाया। आदेश दिया गया कि उपभोक्ता हेमंत रजक टीवी की क़ीमत 38,999/ और उस पर परिवाद प्रस्तुति दिनांक 15 मई 2024 से संपूर्ण रकम अदायगी तक सात प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी पाने का अधिकारी है, 1 माह में राशि प्रदान न किए जाने की स्थिति में ब्याज 9त्न की दर से भुगतान करना होगा। क्वैस केयर कंपनी उपभोक्ता को मानसिक पीड़ा एवं परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि 5,000/ भी एक माह के अंदर प्रदान करेगी। यही नहीं, मुक़दमे का वाद व्यय 3,000/ भी कंपनी द्वारा फ़रियादी को प्रदान करना होगा। भारी भरकम कंपनियों की धांधली के विरुद्ध काँकेर उपभोक्ता आयोग के इस फ़ैसले से लोगों में प्रसन्नता है और क्षेत्र में उपभोक्ता आयोग की साख तथा लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

प्रथम तीन का शेष

सैंड आर्ट के माध्यम से दिखी विष्णु ...

अहसास कराया बल्कि सुशासन की छवि को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत भी किया।

लड़ाई मनुस्मृति और...

अंगूठा काटते हैं। देश के युवा प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी करते हैं। तो पेपर लीक कराकर आप उनका अंगूठा काटते हैं। देश के हजारों युवा सेना में जाने के लिए मेहनत करते थे, तो आपने अग्निवीर लाकर उनका अंगूठा काटा। किसान आपसे एमएसपी मांगते हैं, मगर आप अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचाते हो, तो आप किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि एकाधिकार होना चाहिए, अग्निवीर होना चाहिए। संविधान में ये नहीं लिखा कि देश के युवाओं का अंगूठा काटना चाहिए।

तीसरी बार दिल्ली...

अगर वो ऐसा करेंगे तो आंसू गैस समेत ये सारी चीजें बंद कर दी जाएंगी और हमें दिल्ली जाने दिया जाएगा और हमारी मांगें पूरी की जाएंगी। हरियाणा पुलिस जनता को गुमराह कर रही है। 100 लोगों का पैदल चलना देश के लिए खतरनाक कैसे हो सकता है?

डबल इंजन की सरकार में विकास...

मिल चुकी है। प्रदेश में केंद्र सरकार के द्वारा 1 हजार 699 करोड़ की स्वीकृति से 2 हजार 449 किलोमीटर की 715 सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा, जिनसे 777 पीवीटीजी बसाहटें लाभान्वित होंगी।

भाजपा सरकार के 1 वर्ष पर कांग्रेस का तीखा हमला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक अरुण वोरा ने छत्तीसगढ़ में भाजपा के विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पर जोरदार हमला बोलते हुए सरकार की नीतियों और वादाखिलाफी को लेकर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए विफलताओं का एक साल करार दिया। वोरा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव से पहले किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और 3100 रुपये का एकमुश्त भुगतान करने का वादा किया गया

था, जो अब पूरी तरह विफल हो चुका है साथ ही 500 रुपये में सिलेंडर देने का चुनावी वादा भी अभी तक अधूरा है।प्रदेश की गृहणियां गैस सब्सिडी के केवल सपने देख रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की कई जनहित योजनाओं को बंद कर दी, जिनमें गौठान योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल, राम वन गमन परिपथ, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक और किसान कर्जमाफी जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल हैं। सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा की जब इतनी योजनाएं बंद कर दी गईं, तो आखिर सरकार को इतना कर्ज लेने की जरूरत क्यों पड़ रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, शहर अध्यक्ष गया पटेल, मुकेश चंद्राकर, आरएन वर्मा, राजेन्द्र साहू, निर्मल कोसरे, जितेन्द्र साहू, बृजमोहन सिंह, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, महिप सिंह भुवाल सहित कांग्रेस पार्षद व कार्यकर्ता मौजूद थे।

ओम शांति ओम चौक में 200 मीटर रोड़ चौड़ीकर का लिया जायजा

आयुक्त ने तालाब में कचरा डालते हुए देखा, लगाया जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक पहुंचाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन सुबह दौरा कर रहे है। नागरिको से सीधे वार्तालाप कर रहे है, उनके प्रश्नों का जवाब दे रहे है। यदि किसी प्रकार की कमी होने पर संबंधित अधिकारी को शीध्र निराकरण करने के लिए निर्देशित कर रहे है। सफाई व्यवस्था, निर्माण, उद्यान, तालाब का सौंदर्यीकरण, स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, पानी सप्लाई, सड़क निर्माण इत्यादि सभी विषयो पर सीधे नागरिको से संपर्क कर रहे है। नागरिको से जुड़कर कार्यो को संपादन करने निर्देश दे रहे है। इस दरमयान यदि कहीं पर नागरिको के तरफ से भी लापरवाही की जा रही है तो उसके उपर कार्यवाही भी हो रही है।

निगम द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर कसा शिकंजा

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 8 तकिया पारा में निरीक्षण के दौरान चाय दुकानदार द्वारा नाली व सड़क पर गंदगी फ़ैलाने के कारण 500-500 जुर्माने की कार्रवाही की गई साथ ही वार्ड 7 लुचकी तालाब किनारे कचरा फैलाने पर उन पर भी जुर्माना की कार्रवाही की गई।कार्रवाही के मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सफाई दरोगा सुरेश भारती, परम सहित टीम मौजूद थे। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को लेकर अभियान चला रहा है। निगम अमले ने शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने वाले 4 दुकानदारों का चालान काटकर जुर्माना लगाया।कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के वार्ड क्रमांक 7 व 8 सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। गंदगी फैलाने वाले पांच दुकानदारों पर जुर्माना लगाया। इस दौरान दुकानदारों को नियमित रूप से साफ-सफाई रखने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डालने समझाइश दी गई। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि गंदगी फैलाने पर शहर में मार्केट क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार चालान की कार्रवाई शुरू की गई है। गौरतलब है कि सफाई को लेकर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा मार्निंग विजिट के दौरान शहर के अलग-अलग वार्डों का निरीक्षण कर साफ- सफाई के संबंध में निर्देश दिया जा रहा है।

लोक अदालत शिविर में समाजसेवी संस्था का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

काँकेर/नवप्रदेश। सुप्रसिद्ध समाज सेवी संस्था 'जन सहयोग' तथा जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा शनिवार 14 दिसंबर को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर चंद्रकांत मित्ता एवं तकनीकी सहायकों के द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं कैंसर, बीपी,शुगर आदि की भी जांच आधुनिकतम मशीन द्वारा की गई। आज राज्य शासन द्वारा काँकेर में लोक अदालत का भी आयोजन किया गया था, अतः शिविर का स्थल जिला न्यायालय परिसर निश्चित किया गया ताकि अधिक से अधिक लोग नेत्र शिविर का लाभ उठा सकें। शिविर में सेवा प्रदान करने वाले 'जन सहयोग' के साथियों में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, संरक्षक नरेंद्र दवे ,बल्लू राम यादव,अनुराग उपाध्याय मनप्रीत सिंह, उत्तम मिश्रा ,प्रमोद सिंह ठाकुर, सागर देव भूपेंद्र यादव.सीताराम शर्मा, बसंत ठाकुर प्रमुख थे। जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर महेश सांडिया और उनकी टीम थी, जिसमें नेत्र चिकित्सा सहायक आशीष साहू, विष्णु साहू एवं स्टॉफ नर्स लीना साहू, फार्मासिस्ट भारती मण्डावी, उषा किरण सलाम, माधुरी उइके, गुंजा यादव सृष्टि श्रीवास्तव मनोज केशरी सहायक नोडल अधिकारी, योगेश प्रजापति सलाहकार थे। इस अवसर पर उपस्थित न्यायमूर्ति महोदयों में श्री आनंद कुमार ध्रुव प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश, रमाशंकर प्रसाद कुटुंब न्यायालय, श्रीमती लीना अग्रवाल प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री भूपेंद्र वासनीकर प्रथम सिविल जज, अम्बा शाह द्वितीय सिविल न्यायाधीश सीनियर सिटीजन काँकेर आदि ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। शिविर में 74 व्यक्तियों की आंखों की विस्तृत जांच की गई तथा 121 मरीजों की बीपी एवं शुगर की जांच की गई । उल्लेखनीय है कि काँकेर में इस स्तर का नेत्र शिविर वर्षों बाद आयोजित किया गया , जिसका पूरा श्रेय जन सहयोग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा ज़िला स्वास्थ्य समिति काँकेर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर महेश सांडिया एवं उनकी टीम को दिया जा रहा है।

विष्णुदेव सरकार के एक साल पूरे होने पर उपमुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले की 1 साल की प्रमुख उपलब्धियां गिनाई

आवासों की स्वीकृति में बिलासपुर जिला राज्य में प्रथमः साव

■ जिले की 424000 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के अवसर पर बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पिछले 1 साल में 50660 आवासों का लक्ष्य मिला हैं जिसमें से 42043 आवासों की स्वीकृति जारी की गई हैं। तेज गति से आवास निर्माण का कार्य चल रहा है। आवासों की स्वीकृति प्रदान करने के संदर्भ में बिलासपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर हैं,जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। जबकि इसके पिछले 5 सालों में केवल नगण्य स्वीकृति हुई थी। महतारी वंदन योजना के तहत् बिलासपुर जिले की 4 लाख 24 हजार महिलाओं को लाभ मिल रहा हैं। प्रतिमाह 1 हजार रुपए की राशि डीबीटी के जरिए उनके बैंक खाते में नियमित रूप से डाली जा रही है। अब तक 10 किशत की राशि महिलाओं को मिल चुकी हैं। योजना को लेकर महिलाएं काफी खुश हैं। उनका आत्म विश्वास बढ़ा है।

महतारी सदन योजना के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 2.7 करोड़ की लागत से 10 महतारी सदन स्वीकृत। प्रत्येक सदन की लागत 29 लाख 20 हजार रूपए। महिलाओं को आत्मनिर्भर व कुशल बनाने एवं महिला सशक्तिकरण का केन्द्र बनेगा यह सदन। इस सदन के जरिए महिलाओं के रोजगार एवं सर्वांगिण विकास का मार्ग खुलेगा। धान खरीदी योजना के तहत जिले में 1 लाख 37 हजार 757 किसानों ने इस वर्ष धान बेचने के लिए समितियों में पंजीयन कराया हैं। पिछले साल से लगभग 5 हजार से ज्यादा नये किसान इस योजना से जुड़े हैं।

न्योता भोज: 28 हजार बच्चों ने लजीज भोजन का आनंद लिया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर 16 फरवरी 2024 को स्कूलों में न्योता भोज की शुरूआत की गई। जिले के स्कूलों में 1934 न्योता भोज का आयोजन किया गया हैं, जिसमें 1 लाख 28 हजार 415 बच्चों ने पौष्टिक एवं लजीज़ भोजन का आनंद लिया हैं। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गया। यह आयोजन स्कूलों में सामुदायिक सहभागिता का नया अध्याय लिख रहा है। आयुष्मान भारत वय वंदन योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का विस्तार किया है। अब 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के बुजुर्गो को भी 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। जिले में पंजीयन एवं कार्ड बनाने का काम शुरू हो चुकाए। अब तक लगभग 1500 लोगों के कार्ड बनाये जा चुके हैं। राम लला दर्शन योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने लोगों के लिए श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। जिले में अब तक 7 ट्रेने भक्तों को लेकर रवाना हुई है, जिसमें जिले के 1500 से अधिक लोगों को श्री रामलला दर्शन का सौभाग्य मिला है। इस योजना के तहत् सरकार राज्य के लोगों को अयोध्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन निःशुल्क करा रही हैं। ट्रेन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के भोजन और रुकने की भी व्यवस्था सरकार द्वारा निःशुल्क की जा रही हैं। इस योजना को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

पीएम जनमन योजना: 696 पीव्हीटीजी परिवारों के लिए पक्के आवास स्वीकृत

बिलासपुर के कोटा विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल एवं आदिवासी बहुल इलाकों में पहुंचा मोबाईल सिग्नल। बीएसएनएल एवं निजी कम्पनी द्वारा 10 मोबाईल टॉवरों की स्थापना, जिसमें 7 बीएसएनएल एवं 3 एयरटेल कम्पनी की हैं। खासकर बैगा-बिरहोर जैसे पिछड़े आदिवासी सहित आम लोंगों के लिए विकास के द्वार खुले। 696 पीव्हीटीजी परिवारों के लिए पक्का आवास स्वीकृत किया गया है, 661 परिवारों को आवास बनाने राशि जारी की जा चुकी है। इनमें से 131 आवास पूरे हो चुके हैं 426 आवास कार्य प्रगति पर हैं। विद्युतविहीन लक्षित 47 परिवारों के घरों को विद्युतीकृत किया गया।

■ न्यूज गैलरी

भारत में सुशासन की कल्पना प्राचीन: निराला

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में सरकार के गठन की 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्राचार्य एस एल निराला थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हर्ष पांडे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर एच एस होता छात्र कल्याण अधिष्ठाता थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विषय की प्रस्तावना प्रोमनोज सिन्हा ने रखा और उन्होंने बताया कि सुशासन का तात्पर्य है निहित प्राधिकार का प्रयोग जवाबदेह पारदर्शी सहभागी कानून के शासन समावेशी आम सहमति है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हर्ष पांडे नेअपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ सरकार के विभिन्न जनहितकारी योजनाओं जैसे महतारी बंधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रामलला दर्शन योजना, पीएम सोलर घर योजना, जैसे योजनाओं को रेखांकित कर उसके लाभ को बताया।

लीज क्षेत्र के बाहर संचालित क्रशर मशीन अफसरों ने किया सील

खनिज का अवैध परिवहन करते 9 वाहन जब्त, संचालक को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। लीज क्षेत्र से बाहर क्रशर संचालित होने के कारण क्रशर मशीन को सील कर दिया गया है। मामला कोटा तहसील के ग्राम बाकी घाट का है। क्रशर मालिक राजकुमार गोयल को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। खनिज और राजस्व तथा पुलिस ने अवैध खनिज परिवहन करते हुए 9 वाहनों को जब्त किया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर 10 दिसंबर को सहायक कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार कोटा तन्मय खन्ना (प्रशिक्षु आईएएस) एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम बांकीघाट तहसील कोटा जिला बिलासपुर के अन्तर्गत राजकुमार गोयल के पक्ष में स्वीकृत खनिज साधारण पत्थर के उत्खनिपट्टा क्षेत्र का मौका जांच किया गया। जिसमें पट्टेदार द्वारा लीज क्षेत्र के बाहर अवैध उत्खनन किया जाना तथा लीज क्षेत्र के बाहर क्रशर स्थापित एवं संचालित होना पाया गया। उक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर खनिज अमला बिलासपुर द्वारा 13 दिसंबर को संबंधित क्रशर को सील कर दिया गया है तथा पट्टेदार के विरूध्द कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर नियमानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं खनिज उड़नदस्ता दल बिलासपुर द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

4 हाइवा, 4 ट्रैक्टर और एक माजदा जब्त

खनिज विभाग की टीम ने 13 दिसंबर को कोनी, सेन्दरी, लोफंदी, कछार, लमेर, घुटकू, निरतु, धुरीपारा, मंगला, कोटा एवं सकरी क्षेत्र में जांच के दौरान खनिज रेत के 2 हाईवा एवं 4 ट्रेक्टर, खनिज गिट्टी 2 हाईवा एवं खनिज ईंट मिट्टी के 1 माजदा वाहन को खनिजों के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जब्त कर पुलिस थाना कोटा एवं पुलिस थाना सकरी में सुरक्षार्थ रखा गया है। इन सभी वाहनों के चालकों और मालिकों के विरूध्द छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 21 की तहत् खनिजों के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

सीवीआरयू के एनसीसी कैडेट्स बने अग्निवीर, करेंगे देश की सेवा

■ 3 विद्यार्थियों ने ट्रेनिंग पूरी की, जम्मू ,पुणे और सिक्किम में पोस्टिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के 3 एनसीसी कैडेट्स का चयन अग्निवीर में हुआ है। 8 महीने की हैदराबाद और पुणे से कठिन ट्रेनिंग पूरी करने के बाद वे जम्मू, पुणे, और सिक्किम में अपनी सेवाएं देने पदस्थ होंगे। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स अग्नि वीर योजना के तहत चयनित होकर देश की सेवा के लिए तैयार हैं। विश्वविद्यालय में अध्यनरत तीन विद्यार्थियों का चयन अग्नि वीर में किया गया था। इसके बाद उन्हें 8 महीने की ट्रेनिंग पुणे और हैदराबाद में पूरी की है। कठिन परिश्रम से इन एनसीसी कैडेट्स ने ट्रेनिंग से गुजरने के बाद वे अब देश की सेवा के लिए तैयार हैं। तीनों एनसीसी कैडेट्स का चयन पुणे, जम्मू, और सिक्किम में हुआ है। इस बड़ी सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे, कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इनका हुआ चयन- दिवाकर दास -बीएससी माइक्रोबायोलॉजी - जम्मू, विजय कुमार -बीसीए-पुणे, मनीष कुमार-बीएससी बायोलॉजी-सिक्किम।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-सबकी भागीदारी से टॉप 10 में आएगा बिलासपुर!

■ चौक-चौराहों में भी जागरूकता अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर को टॉप 10 में लाने नगर पालिक निगम तैयारियों में जुट गया है। शहर में स्वच्छता की अलख जगाने और इसके प्रति आम जन को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल-कॉलेज में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को गीला-सूखा कचरा समेत अन्य विषयों की जानकारी दी जा रही है। स्वच्छता में आम नागरिकों की सहभागिता और जागरूकता के उद्देश्य से नगर पालिक निगम बिलासपुर ने कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर महाअभियान का शुभारंभ किया है। जिसके तहत शहर के स्कूल-कॉलेज में जाकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के संदर्भ में जानकारी दी जा रही है और अभियान से जोड़ा भी जा रहा है। शहर के सीएमडी महाविद्यालय, शबरी माता कन्या महाविद्यालय, पं.देवकीनंदन दीक्षित स्कूल, मल्टीपरपज स्कूल में कार्यशाला आयोजित किया गया,जिसमें प्रमुख रूप से गीला और सूखा कचरे के पृथककरण की जानकारी और अपने आस-पास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया की घर से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करके हरे तथा नीले डिब्बे में कचरा कलेक्शन करने वालों को दें। कचरा इधर उधर फेंकने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कचरे के स्रोत पर पृथक्करण करने पर जोर दिया गया।

बिल्लू बिलासपुरिया दे रहा स्वच्छता का संदेश, सेल्फी लेने होड़

नगर निगम के स्वच्छता अभियान का शुभंकर बिल्लू बिलासपुरिया भी अभियान के तहत स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच रहा है। जहां नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दे रहा है। भोली मुस्कान के साथ शेर के रूप में लोगों के बीच पहुंच रहे बिल्लू बिलासपुरिया को देखकर लोग आकर्षित हो रहें हैं साथ में सेल्फी लेने की होड़ लग रही है।

शुष्क हवाओं का दौर जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के उत्तरी भाग में एक दो पैकेट में शीतलहर चल रही है । साथ ही साथ उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ पैकेट में शीतलहर जैसी स्थिति बना हुआ है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। मसीही समुदाय द्वारा क्रिसमस के उपलक्ष्य में भव्य रैली नगर में निकाली गई।

सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने बच्चों व ग्रामीणों को बांटे गरम कपड़े

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी बीईओ ईश्वर प्रसाद सोनवानी, संकुल प्राचार्य एबी. कुजूर, एबीईओ शिवराम टंडन के द्वारा विद्यालयो को बेहतर बनाने के दिशा निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कन्या संकुल सीपत के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कौवाताल में बिलासपुर के सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल के संयोजक संतराम जेठमलानी, भाव्या जेठमलानी, रेखा आहूजा, आराध्या जेठमलानी, पूनम बजाज, बंटी पंजवानी, कृष्णा, रूपल चाँदवानी ने अपने संस्था की ओर से स्कूल के उपस्थित 64 बच्चों को पाठ्यसामग्री पेन कॉपी रबड़, कड़कड़ाती ठंड से राहत दिलाने गर्म कपड़े स्वेटर, उपस्थित 25 ग्रामीणों को कंबल बांटे। वही मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित शिक्षक चरणदास महंत को भेंट सम्मान चिन्ह, शाला में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी के चेहरों पर खुशी झलक उठी। प्रधानपाठक प्रमोद कुमार पांडेय ने विद्यालय के प्रतिवेदन और विभिन्न बिंदुओं के बारे में अतिथियों ने समक्ष जानकारी दी। संस्था के संयोजक संतराम जेठमलानी ने उद्बोधन में संस्था के स्थापना उद्देश्यो और विद्यालय विकास में बच्चो के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही। अंत मे शाला परिवार की ओर से सक्रिय सहयोगी के रुप मे सहयोगकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक प्रमोद कुमार पाण्डेय व आभार शिक्षक सुनील कुमार गौरहा ने व्यक्त किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

मेधावी बच्चों को मेंडल प्रदान कर किया प्रोत्साहित

सिम्स के नर्सिंग स्टाफ को ऑक्सीजन सप्लाई की ट्रेनिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल में आज नर्सिंग स्टाफ के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें इमरजेंसी के दौरान मरीजों को ऑक्सीजन की सही मात्रा और तरीके से सप्लाई करने के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने नर्सों, वार्ड बॉय और अन्य स्टाफ को ऑक्सीजन कंसलटेंट फ्लो मीटर के इस्तेमाल के साथ-साथ अन्य आवश्यक उपकरणों का सही उपयोग करने के तरीके बताए। इस ट्रेनिंग में नर्सिंग स्टाफ को यह समझाया गया कि एक ऑक्सीजन सिलेंडर किस प्रकार काम करता है और गंभीर मरीजों को किस स्टेज में, कितनी मात्रा में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, सेंट्रल ऑक्सीजन प्लांट से पाइपलाइन के माध्यम से अस्पताल के विभिन्न वार्डों तक ऑक्सीजन कैसे पहुंचाई जाती है।

माध्यान्ह भोजन

मध्यान्ह भोजन स्वसहायता समूह संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रोत्साहन राशि, प्राथमिक उपचार, मानदेय में बढ़ोतरी की मांग

सीपत/नवप्रदेश। मध्यान्ह भोजन स्वसहायता समूह संघ मस्तूरी के सदस्यों ने विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर मस्तूरी एसडीएम , जनपद सीईओ एवं मस्तूरी बीईओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मध्यान्ह भोजन कुकिंग कास्ट दर एवं रसोइयों के मानदेय में प्रति छात्र प्राथमिक में 5 रुपए को बढोत्तरी कर 15 रुपए व प्रति छात्र पूर्व माध्यमिक के 8 रुपए को बढ़ाकर 25 रुपए करने, रसोइयों को कलेक्टर दर के मानदेय पे प्रति रसोइया मानदेय 5000 रुपए देने, रसोइयों को विद्यालय के सदस्य के रूप में मानते हुए ड्रेस कोड साड़ी एवं सुरक्षा संबंधी सामग्री प्राथमिक उपचार सामग्री प्रदान करने, सुरक्षित भविष्य को लेकर बीमा करने की मांग, मध्यान्ह भोजन स्व सहायता समूह को किचन सामग्री गंजी कढ़ाई डेचकी, कुकर, करझुल, भगौना ड्रम बाल्टी आदि सामग्री प्रदान करने, भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से मध्यान्ह भोजन जर्जर कक्ष को जल्द मरम्मत कराने, स्वसहायता समूह एवं रसोइयों को विभाग की ओर से समय समय पर प्रोत्साहित सम्मानित करने मांग की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./297/निर्माण/2024 दिनांक 04/12/2024

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु व्यवसाय के संबंधित अनुभवी निविदाकार/फर्म से शेड्यूल अनुसार आईट्म्स एवं प्रतिशत दरों पर ई-प्रोक्युरमेंट (E-Tenderint) ते माध्यम से निविदा प्रपत्र Form-A में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 02 इंदिरा स्टेडियम के पास स्थित आडिटोरियम का जीर्णोद्वार एवं विकास कार्य (जिला खनिज मद)(प्रथम निविदा)	30.72	26.12.2024 (T.No.162423)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निगम के बेव साईट www/korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

अस्पताल में भर्ती मरीजों के सैंपल टेक्नीशियन ले जा रहे सिम्स

200 करोड़ की लागत से बने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लैब की सुविधा नहीं

■ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टर और कार्डियक इको मशीन का हो रहा इंतजार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीजों को भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। कोनी में बने 200 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पैथोलेब की सुविधा नहीं है जिससे वहां इलाज के लिए आने वाले मरीज और भर्ती मरीजों को जांच के लिए उनके सैंपल सिम्स भेजा जा रहा है।

जहां से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे का इलाज किया जाता है सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से मरीज के सैंपल के लिए टेक्नीशियन लगे हुए हैं जो रोज सिमास में ब्लड सहित अन्य सैंपल लेकर जाते हैं जिसे टेस्ट के लिए देते हैं, जिससे मरीजों की रिपोर्ट लेट में मिल रही है ।अगर कोनी में ही पैथोलेब की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी तो मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल सकेगा। कोनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में फर्स्ट सेकंड फ्लोर में ओपीडी की शुरुआत की गई है लेकिन यहां अभी भी 60 प्रतिशत ही मशीन आई है बाकी 40त्न मशीन आनी बाकी है सिम्स में डॉक्टरों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। यहां यूरो, न्यूरो, परमानोलोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती की जानी है इसके साथ ही कार्डियक ,इको की मशीन आनी बाकी है। गौरतलब हो कि धन्वंतरी जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का वर्चुअल उद्घाटन किया था।

इस हॉस्पिटल का निर्माण प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत किया गया है और यह बिलासपुर का सबसे ऊंचा, 11 मंजिला चिकित्सा संस्थान है। अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित इस हॉस्पिटल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं,यह अस्पताल ना केवल बिलासपुर बल्कि सरगुजा और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उन्हें बेहतर इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में है 240 बेड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य भवन 11 मंजिला है। हॉस्पिटल में सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे, कलर डॉपलर, और टीएमटी मशीन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं. इसमें 240 बेड है, जिनमें से 70 आईसीयू और आईसीसीयू बेड हैं. अस्पताल में आठ मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का भी निर्माण किया गया है. अस्पताल में न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, पल्मनोलॉजी, और जनरल मेडिसिन जैसे चार ओपीडी सेवाएं शुरू की गई है इसके अलावा, ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

3 से 4 माह में होगी सारी व्यवस्था

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य भवन 11 मंजिला है. हॉस्पिटल में सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे, कलर डॉपलर, और टीएमटी मशीन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं. इसमें 240 बेड है, जिनमें से 70 आईसीयू और आईसीसीयू बेड हैं। अस्पताल में आठ मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का भी निर्माण किया गया है। अस्पताल में न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, पल्मनोलॉजी, और जनरल मेडिसिन जैसे चार ओपीडी सेवाएं शुरू की जा रही है. इसके अलावा, ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। हास्पिटल में अभी स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

कमियों को जल्द दूर किया जाएगा

अभी मरीजों के सैम्पल सिम्स भेजे जाते हैं इसके लिए टैक्निशियन लगे हुए हैं। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में लगभग 60 प्रतिशत मशीनें आ चुकी है। बाकी 40 प्रतिशत मशीनें आनी बाकी हैं जिनमें कार्डियक और इको की मुख्य मशीनें हैं इनके आने से मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। वहीं 3-4 महीनों में हास्पिटल में अन्य कमियों को भी दूर कर लिया जाएगा।

डॉ. बी.पी. सिंह
संचालक, प्राध्यापक सह चिकित्सा अधीक्षक

■ न्यूज गैलरी

श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन द्वारा ग्राम हिर्री में अत्यंत निर्धन और जरूरतमंदों को करीब 100 कंबल का वितरण किया गया। संस्थापिका चुन्नी मौर्य ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर जरूरतमंदों तक पहुंच कर सहायता करना है, संस्था हर वर्ग के लिए समय-समय पर सहयोग कार्य करती रहती है इसी कड़ी में आज महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण और नशा मुक्ति के उपाय भी बताएं गए।कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती अनंत, सरिता सोनी, हर्ष यादव, सावित्री जाजोदिया, जसमीत कौर, प्रिया रॉय, निशा दीक्षित, रचना ताम्रकार, अर्पित अरोरा ,रूपा चक्रवर्ती, हरप्रीत अरोरो, सरिता तीर्थलानी मोना बोड़खे का सहयोग रहा।

पुलिस रेगुलेशन एक्ट में प्रावधान का दिया हवाला

आपराधिक प्रकरणों में दोषमुक्त हुए पुलिस कर्मी बहाली के हकदार: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने अपने फैसले में कहा कि आपराधिक प्रकरण में विभागीय जांच के बाद पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को दोषमुक्त कर दिया जाता है तो दोबारा उसे सेवा में लिया जाना चाहिए। सेवा बहाली का उसे पूरा हक है। हाई कोर्ट में अपने आदेश में पुलिस रेगुलेशन एक्ट में दिए गए प्रावधान का भी हवाला दिया है। वीएन. सोरेन तीसरी बटालियन, छग सशस्त्र बल, अमलेश्वर-दुर्ग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। उक्त पदस्थापना के दौरान उनके विरूद्ध पुलिस थाना कुरूद, जिला - धमतरी में भारतीय दंड विधान की धारा 420, 506 में अपराध पंजीबद्ध होने पर सेनानी, तीसरी बटालियन ने उनके विरूद्ध समान आरोपों पर विभागीय जांच के पश्चात् उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

आपराधिक मामले में संपूर्ण ट्रायल के पश्चात् प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट,कुरूद ने वीएन. सोरेन के विरूद्ध दर्ज आपराधिक मामले में उन्हें पूर्ण रूप से दोषमुक्त कर दिया गया। दोषमुक्ति के पश्चात् भी उन्हें सेवा में बहाल नहीं किया गया। विभाग के इस फैसले के खिलाफ सोरेने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पांडेय के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अभिषेक पांडेय ने जबलपुर हाईकोर्ट की फुल बेंच द्वारा हरिनारायण दुबे विरूद्ध स्टेट ऑफ मध्यप्रदेश एवं अन्य इसके साथ ही हाई कोर्ट बिलासपुर की सिंगल बेंच द्वारा एमके. साहू विरूद्ध छग शासन एवं अन्य के वाद में पारित निर्देशों का हवाला दिया। अधिवक्ता पांडेय ने विभाग के आला अफसरों पर पुलिस रेगुलेशन एक्ट में दिए गए प्रावधान का पालन नहीं करने और सीधेतौर पर उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया है। अधिवक्ता पांडेय ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट और जबलपुर हाई कोर्ट के उस फैसले की भी जानकारी दी जिसमें पुलिस रेगुलेशन के रेगुलेशन 241 के आधार पर याचिका को स्वीकार कर याचिकाकर्ता के विरूद्ध पारित बर्खास्तगी आदेश को निरस्त कर सेवा में बहाल करने का आदेश दिया गया है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को बहाल करने का आदेश राज्य शासन को दिया है।

पुलिस रेगुलेशन एक्ट में है प्रावधान

पुलिस रेगुलेशन 1861 के रेगुलेशन 241 में यह प्रावधान है कि यदि किसी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध आपराधिक मामला पंजीबद्ध होने के आधार पर उसे सेवा से बर्खास्त किया गया है एवं वह पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आपराधिक मामले (क्रिमिनल केस) में पूर्ण रूप से दोषमुक्त हो जाता है इस आधार पर वह सेवा में बहाली एवं अन्य आर्थिक लाभ पाने का हकदार है।

कौशलेंद्र राव महाविद्यालय में समस्याएं, प्राचार्य को ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के सम्बन्ध में 4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जिसमें महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता का अभाव एवं बालिकाओं के गर्ल्स कमान रूम से जुड़ी समस्याएं एवं पुस्तकालय में विषय वार पुस्तकों की कमी विभिन्न विषयों पर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से कौशलेंद्र राव महाविद्यालय की अध्यक्ष तुलसी जांगड़े, महाविद्यालय मंत्री माधव शर्मा, उपाध्यक्ष अभय तिवारी, रिशु साहू, सह मंत्री ऋतिकेश सिंह ठाकुर, विनोद कश्यप, नेहा तिवारी, अदिति ओझा, कार्यालय मंत्री दीपक चंद्राकर, नीलकमल तिवारी एस डी एफ विनोद कश्यप, नितेन्द्र निराला एसएफ एस कुणाल जायसवाल, शौर्य साहू आर के एम लक्ष्मी वाशीनी कुर्रे, प्रीति खरे खेलो भारत प्रभारी पवन सिंह, पार्थ कौशिक सोशल मिडिया प्रभारी अमन सोनी, योगेश सिंह कार्यकारणी सदस्य अभिषेक साहू, मनीष यादव ,साहिल पारेख साथ ही पूर्व अध्यक्ष नेहा तिवारी, अंजुलता साहू ,आशीष यादव एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नगर पंचायत कोटा में विकास कार्य रूकेंगे नहीं : अटल

■ मानिकपुरी, बिंझवार व रजक समाज के सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव कोटा नगर के प्रवास पर रहे, विधायक अटल श्रीवास्तव ने ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि कुलवंत सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों के उपस्थिति में कोटा नगर पंचायत के दस वार्डो में लगभग 60 लाख के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि विकास कार्य रूकेंगे नहीं नगर पंचायत का विकास सतत् चलता रहेगा। वार्ड नं. 08 सीसी रोड निर्माण, तालाब के सामने मंच निर्माण, वार्ड नम्बर 07 शेड निर्माण, वार्ड नं. 11 सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड नं. 06 फिरंगीपारा में सीसी रोड, रामभरोसे मंदिर में शेड निर्माण, वार्ड नं. 05 सामुदायिक भवन निर्माण, यादव मोहल्ला में आंगनबाड़ी भवन मरम्मत, वार्ड नं. 03 शेड निर्माण, वार्ड नं. 01 में शेड निर्माण, वार्ड नं. 13 सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण, वार्ड नं. 14 सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम में शेड निर्माण, वार्ड नं. 10 डभरापारा में आहाता निर्माण, ग्राम पंचायत चंगोरी लखोदना में सामुदायिक भवन एवं पानी टंकी का लोकापर्ण। ब्लाक अध्यक्ष आदित्य दिक्षित ने विधायक अटल श्रीवास्तव का आभार प्रकट किया की नगर पंचायत सभी वार्डो की जनहित की समस्या को लेकर सक्रिय रहते है और पार्षदो एवं कार्यकर्ताओ के अनुशंसा पर विकास कार्य हेतु राशि उपलब्ध करा रहे है।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष गुप्ता, सुरेश सिंह चौहान, फागूराम जी, राजू सिदार, के आर साहू, रामफल बिंछवार, बीना मसीह, अरूण त्रिवेदी, फूलचंद अग्रहरि, यूपीटर देवेंन्द्र कौशिक, शैलेष गुप्ता बबलू अहिरवार, दिलीप श्रीवास, धनसिंह, मधू पाण्डेय, अश्विनी टोडर, भरत पटेल, अशोक अनंत अली कश्यप, आक्रोश त्रिवेदी हरिश नामदेव, अंकुर वैष्णव, आनंद मिश्रा, प्रकाश जायसवाल, सोनी मानिकपुरी, जयराज सिंह, संजू सिंह चौहान, कुसुम सोनी, संतोष बघेल, चिंताराम, सहदेव, पावक सिंह, चोलाराम, पंचराम साहू, विनीता साहू, मानिकपुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष, रजक समाज के संभाग अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सहित समाज के लोग एवं क्षेत्रवासी शामिल रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर आवेदन 19 दिसंबर से

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। ग्राम हरदीकला के आंगनबाड़ी केन्द्र 01 में आंनगबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति होनी है। इच्छुक आवेदिका 19 दिसंबर से 2 जनवरी तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिल्हा में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कर सकती है। पदों की विस्तृत जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिल्हा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

समाज कल्याण विभाग ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग बिलासपुर द्वारा सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर कल्याण कुंज वृद्धाश्रम एवं सुवाणी प्रशामक देख-रेख गृह जोरापारा में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं वरिष्ठजनों के लिये शासन के मंसा के अनुरूप सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी महिला-पुरूष वरिष्ठजनों का फुल-माला, साल से सम्मानित करते हुये मिस्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर विभागीय कलापथक दल द्वारा वरिष्ठजनों पर आधारित गीत-संगीत एवं नशामुक्ति पर प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम में हरीश सक्सेना, नोडल अधिकारी प्रशांत मोकासे, सहायक नोडल एवं लीलाधर भांगे, विजय केशकर, दादुलाल बरेठ, राजेश सिसोदिया, राधेश्याम यादव, वांसी कृष्णा सिलारपू, त्रिलोक कश्यप उपस्थित थे।

संजय गांधी अपार संभावनाओं वाले नेता थे: पाण्डेय

कांग्रेसजनों ने संजय की गांधी की जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सांसद और युवा तुर्क संजय गांधीजी की जयंती मनाई गई। कांग्रेजन उन्हें याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व संजय गांधी अपार सम्भावनाओं वाले नेता थे, जिनकी सोच में समग्र विकास के साथ साथ हर हाथ में फोर व्हीलर गाड़ी देने की थी, वे पांच सूत्रीय कार्यक्रम के माध्यम से एक स्वस्थ, मजबूत राष्ट्र बनाने में विश्वास रखते थे, पर तत्कालीन विपक्ष के सत्ता लोलुपता ने उस अच्छे कार्यक्रम को नष्ट कर दिया और देश के सामने कई समस्याएं आज दिखती है जबकि पांच सूत्रीय कार्यक्रम में शिक्षा (महिला शिक्षा पर जोर दिया गया) पर्यावरण, दहेज उन्मूलन, नसबन्दी, प्लांटेशन जो हर समय की मांग है। संजोयक ज़फ़र अली ,हरीश तिवारी ने कहा कि स्व संजय गांधी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी के द्वितीय पुत्र थे, उनका जन्म 14 दिसम्बर 1946 को दिल्ली में हुआ, वे राजनीति में प्रयोग धर्मी के रूप पहचान बनाई। उन्होंने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रूप में युवाओं को जोड़ा और कांग्रेस के सिद्धांत और नीति को एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहंचाया, विपक्ष ने कांग्रेस को इंदिरा गांधी को और संजय गांधी को बदनाम करने की कुटिल चाल चली और जनता के बीच मे 20 सूत्रीय कार्यक्रम और पांच सूत्रीय कार्यक्रम के दुष्प्रचार करने में लग गया और विपक्ष सफल हुआ, 1977 के आम में कांग्रेस हार गई। 23 जून 1980 को एक विमान दुर्घटना में संजय गांध का देहांत हो गया।

आधा दर्जन से अधिक जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने तालापारा में जुआ खेलते 7 लोगों को पकड़ा है। सिविल लाइन पुलिस को आज गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि तालापारा में सार्वजनिक स्थान पर कुछ व्यक्ति जुआ खुल रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना सिविल लाईन पुलिस टीम द्वारा सूचना स्थन पर रेड कार्यवाही की गई। जहां आरोपी शेख जुनैद पिता शेख शहाबुद्दीन उम्र 23 साल निवासी नूरानी मस्जिद तालापारा, इशाद अहमद पिता नियाज अहमद उम्र 28 साल निवासी फैजनगर तालापारा, नसीम अली पिता पीर अली उम्र 32 साल निवासी तैबा चौक तालापारा, इम्तियाज कुरैशी पिता फयाज कुरैशी उम्र 40 साल निवासी तालापारा, सरफराज कुरैशी पिता फयाज कुरैशी 28 साल तालापारा, मोहम्मद शमी उल पिता मोहम्मद आफताब आलम 40 साल निवासी खानबाड़ी तालापारा व गुडडू कुरैशी पिता नजीन कुरैशी 48 साल निवासी तालापारा कुल 7 आरोपीगण सार्वजनिक स्थान पर ताश के 52 पत्तो से रूपए का हार जीत का दाव लगाकर कट पत्ती जुआ खेलते पाये गये। जुआ फड़ से नगदी रकम 16,100 रूपये नगदी तथा ताशपत्ती जप्त कर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

दलों की बैठक

बैठक में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन और चुनाव तैयारियों की दी गई जानकारी

निकायों की मतदाता सूचियों की एक-एक प्रति राजनैतिक दलों को नि:शुल्क मिलेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक ली। उन्होंने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन और चुनाव तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी एवम आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि जिले की नगरीय निकायो में प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान कुल 5,80,368 मतदाता थे, जबकि अंतिम प्रकाशन के उपरांत मतदाताओं की संख्या बढ़कर 5,89,003 हो गई है। अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर को किया गया। इस प्रकार पुनरीक्षण के दौरान दावा आपत्ति के आधार पर 1116 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया। इसके उपरांत मतदाताओं की कुल संख्या में 8,635 की वृद्धि हुई है।

बैठक में यह भी बताया गया कि सभी नगरीय निकायों की मतदाता सूचियों की एक-एक प्रति मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को नि:शुल्क दी जायेगी, जिसे स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में यह भी जानकारी दी कि आगामी दिनों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रकाशन भी 13 दिसंबर को किया जा चुका है।

197 का विलोपन बाद मतदाताओं की संख्या 22769

पुनरीक्षण उपरांत अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 869593 है, जबकि प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान यह संख्या 8,46,824 थी। इस प्रकार पुनरीक्षण के दौरान दावा आपत्ति के आधार पर 197 मतदाताओं का विलोपन पश्चात मतदाताओं की संख्या में 22,769 की वृद्धि दर्ज की गई है।

न्यूज गैलरी

प्रगतिशील पेंशनर समाज का सम्मेलन 22 दिसंबर को

लखनपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में प्रति वर्ष पेंशनरों,वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस का आयोजन पेंशनर संगठनों द्वारा किया जाता है।इसी तारतम्य में प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा 17 दिसंबर के स्थान पर यह कार्यक्रम 22 दिसंबर 2024 को सरगुजा जिले के विकास खंड मुख्यालय लखनपुर स्थित एचिवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित होना है। इस सम्मेलन में प्रदेश स्तर के समस्त पेंशनरों को भाग लेने की अपील की गई है। तदाशय की जानकारी प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद जायसवाल ने दी है उन्होंने यह भी कहा कि,कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हेतु निश्चल सरगुजिहा साहित्य समिति की ओर से काव्य गोष्ठी कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर के लोकप्रिय विधायक राजेश अग्रवाल होंगे तथा अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष ललित कुमार मानिकपुरी करेंगे। सम्मेलन को सफ़ल बनाने प्रदेश के समस्त पेंशनरों को भाग लेने की अपील की है।

टीबी कुष्ठ मलेरिया मुक्त बनाने घर-घर जाकर सर्वे व जांच

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत 100 दिवसीय जांच उपचार अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत समूचे जिले में कुष्ठ रोग से पीड़ितों की पहचान कर जांच व उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी0 एस0 मार्को एवं ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ0 पी0 प्रसाद द्वारा निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ के 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान की समीक्षा की गई। इस कार्यक्रम के तहत मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग सहित वृद्धजनों में होने वाली बीमारियों की जांच मैदानी स्वास्थ्य अमले मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर पहचान करने के साथ उपचार किया जा रहा है। यह अभियान विगत 07 दिसंबर से शुरू हुई है जो आगामी 23 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। मितानिनो द्वारा घर घर जाकर संभावित लक्षण वाले सदस्यों की जांच कर रहे है। मितानिनों को टीबी, कुष्ठ के मरीज की पहचान करने प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है।

जनसमस्या समाधान शिविर में कलेक्टर ने कहा-अंधविश्वास व नशाखोरी से बचें

प्रशासन और आमजनों के बीच संवाद का सशक्त का लाभ उठाकर आगे बढ़े

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ व शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम चलगली में जिला स्तरीय जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और जिला पंचायत सीईओ रेना जमील शिविर में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनकी शिकायतों का निवारण किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वाड्रफनगर विनोद जायसवाल, चलगली सरपंच गोंड साय, गणमान्य नागरिक पुष्पा जयसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत और अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर उपस्थित लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर और सीईओ ने स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के प्रभाव पर चर्चा की और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं को अवगत कराया, जिनमें से कई आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। शेष समस्याओं के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने कहा कि जनसमस्या समाधान शिविर न केवल समस्याओं के निवारण का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने बाल विवाह, नशाखोरी और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों पर चर्चा की और ग्रामीणों को दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए जागरूक किया। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक बुराइयां केवल परिवारों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती हैं। इस दिशा में हम सभी को मिलकर प्रयास करना है ताकि बेहतर समाज का निर्माण हो सके। सीईओ रेना जमील ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, कृषि ऋण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा शिविर माध्यम से न केवल लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा बल्कि उन्हें अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक दौड़ भाग भी नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने शिविर के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, सभी शिविर का लाभ अवश्य लें।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नन्हें बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन भी कराया। साथ ही आयुष्मान कार्ड, वनाधिकार पत्र, किसान कार्ड, राशन कार्ड, मछली जाल एवं बीज और अन्य हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण किया गया।

राजपुर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

ग्रामीण शिविर का लाभ उठाएं अपनी समस्याएं रखें: विद्यावती

रायगढ़/नवप्रदेश। गांव राजपुर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। यहां पर विभागों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए। शिविर में पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त 346 आवेदनों में से 339 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया। इसी प्रकार शेष व शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। विधायक लैलूंगा विद्यावती सिदार ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है। आपकी जो भी समस्याएं है, उसे जिला प्रशासन के समक्ष रखना चाहिए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले छह महीने से जिला प्रशासन ने जनसामान्य की सुविधा के लिए जन समस्या निवारण शिविर के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जहां पहले शिविर का आयोजन नहीं किया गया है। जनप्रतिनिधियों से आगामी जन समस्या निवारण शिविर के लिए स्थल चुनाव हेतु सुझाव मांगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि ऐसे स्थान का सुझाव दें।

जहां अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। सीईओ यादव ने कहा कि शिविर में सड़क, पुलिया व निर्माण कार्य से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है। इन्हें शासन को भेजने व स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ करवाया जाता है। इसी प्रकार आधार कार्ड में त्रुटि, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन, आवास से संबंधित कार्य को तत्काल अथवा 15 दिवस में किया जाएगा। राशन कार्ड, पेंशन, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने जैसे विभिन्न समस्याओं पर अगर स्वयं नहीं आ सकते तो कोई भी शिविर में आवेदन दे सकते हैं। राजपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जनपद पंचायत लैलूंगा मे? 10 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश दिया गया। इसी तरह शिक्षा विभाग ने 10 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र व समग्र शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग जनों को श्रवण यंत्र, ब्रेलकिट, होम बेस्ट बैग दिया गया। कृषि विभाग ने 26 कृषकों को मिनीकिट बीज का वितरण किया गया। मत्स्य पालन विभाग ने मत्स्य पालक घटगांव के रोशन लकड़ा को जाल तथा प्रभुदास तिर्की को आईस बॉक्स दिया। सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा शासन ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास विद्यालय प्रारंभ किया है। जो जिले के लिए गौरव की बात है। कक्षा 9 वीं से प्रवेश हेतु पालक अपने बच्चों को बेहतर तरीके से तैयारी करवाएं ताकि जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने शिक्षा विभाग को प्री-टेस्ट की बेहतर तैयारियां करने को कहा ताकि जिले के बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर सके।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने विकासखण्ड बलरामपुर के धान उपार्जन केंद्र कपिलदेवपुर एवं वाड्रफनगर के उपार्जन केन्द्र डोंगरो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों पर चल रही खरीदी प्रक्रिया का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं उपार्जन प्रक्रिया की जानकारी ली।

कलेक्टर ने किसानों से फसल की गुणवत्ता, तौल प्रक्रिया और समय पर भुगतान को लेकर चर्चा की। उन्होंने समिति प्रभारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों के धान की नमी का सही मूल्यांकन हो, तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को केन्द्रों पर त्वरित सहायता एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद कर्मचारियों से विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर चेतन साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर कृषि में प्रयोग के लिए सक्षम बनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि सेवाएं प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक से लैस करके उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर कृषि में ड्रोन का इस्तेमाल करने में सक्षम बनाया जा रहा है। योजनांतर्गत चयनित महिला या समूह को ड्रोन और सहायक उपकरण दिए जाते हैं। साथ ही ड्रोन से जुड़े खर्चों को कम करने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जाती है।

नमो ड्रोन दीदी गोदावरी साहू ने बताया कि वे विहान अंतर्गत जय माता दी महिला स्व सहायता समूह सरगांव की सदस्य है। नमो ड्रोन योजना अंतर्गत इफ्को के माध्यम उन्हें ग्वालियर में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें थ्योरी व प्रेक्टिकल के साथ ग्राउंड लेवल पर ड्रोन को चलाने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद फूलपूर में 05 दिवसीय ड्रोन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। वह अब ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और कीटनाशक का छिड़काव करती है। इससे किसानों के पैसे और समय की बचत हो रही है। इसके साथ ड्रोन से वायु प्रदूषण भी नहीं होता। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से एक ही दिन में 20 से 25 एकड़ खेत में कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव हो जाता है, जिससे किसानों द्वारा श्रमिकों को देने वाले पैसे की बचत तो हो ही रही है। साथ ही किसानों का समय भी बच रहा है। वहीं ग्राम के किसान ने बताया कि पहले कृषि यंत्र स्प्रेयर के माध्यम से अपने गन्ने की फसल में दवाई का छिड़काव करते थे। जहाँ गन्ने की फसल की उँचाई ज्यादा होने से उन्हें फसल के बीच जाकर दवाई छिड़काव करने में काफी समय लगता था और समस्याएं भी काफी बनी रहती थी। लेकिन अब उन्हें कम समय व कम खर्च में ही अपने फसलों में कीटनाशक दवाई के छिड़काव के लिए एक अच्छा मददगार ड्रोन दीदी के रूप में मिल गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में काफी अच्छी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके लिए उसने खुशी-खुशी शासन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

निधन
रूखमणी देवी लूनिया

मुंगेली/नवप्रदेश। जैन समाज की

रूखमणी देवी लूनिया पति शांतिलाल लूनिया का 84 वर्ष की आयु में 13 दिसम्बर को दोपहर में निधन हो गया है। वे नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र लुनिया की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा 14 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे गोल बाजार स्थित निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम हेतु जाएगी।

7 खड़े ट्रकों से कट्टे की नोक से डीजल लूटा

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के अमेरा खुली खदान में बीती शुक्रवार की रात हथियारबंद गिरोह ने कट्टे की नोक पर बलात 7 ट्रकों से डीजल लूटने कारनामे को अंजाम दिया है। घटना के बाद से ट्रक चालक खौफजदा है । मिली जानकारी के मुताबिक बिलासपुर जिले के एक ही कंपनी के सात ट्रक वाहन से 13 व 14 दिसंबर की दरमियानी रात अमेरा खुली खदान काटा घर और बूम बैरियर के पास खड़े थे।20 से 22 की संख्या में हथियार बंद गिरोह के लोग ट्रक चालक से कट्टे की नोक पर बलपूर्वक 7 ट्रकों में रखे रस्सा तिरपाल तथा डीजल लूट कारनामे को अंजाम दिया है। घटना के बाद से ट्रक

चालक भयाक्रांत है।14 दिसंबर दिन शनिवार की सुबह लगभग 12 बजे ट्रक चालकों ने थाना उपस्थित आकर घटना की शिकायत लखनपुर थाना प्रभारी से की है। लिफ्टरों और ट्रक चालकों ने बताया कि विगत 9 माह से बीच-बीच में वाहनों से डीजल चोरी किये जाने की घटना जारी है। जिससे ट्रक मालिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस इन हथियार बंद गिरोह को पकड़ने में कहा तक सफल हो पाती है।

समर्थकों के साथ मनाया महन्त ने जन्मदिन

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसयगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एव विधानसभा क्षेत्र सकती के विधायक डॉ चरण दास महन्त 13 दिसम्बर को अपना जन्मदिन दिन कार्यकर्ताओं एवँ विधानसभा क्षेत्र के जनता के बीच रहकर अपना जन्मदिन मनाया डॉक्टर चरण दास महन्त 13 दिसम्बर को जन्मदिन के अवसर पर सुबह गृह ग्राम सारागांव से सुबह अपने पिता स्व श्री बिसाहू दास महन्त माता स्व जानकी देवी महन्त को पुष्पांजलि अर्पित कर परिवारिक एवँ वरिष्ठ जनो के साथ मनाया उसके पश्चात तुर्रीधाम पहुंच कर पूजा अर्चना किया वहाँ से 12बजे सकती पहुँचकर थाना के पास हनुमान मंदिर महामाया मन्दिर में पूजा अर्चना की मुख्य कार्यक्रम स्व बिसाहू दास महन्त उद्यान पहुँचकर स्व बिसाहू दास महन्त के आदम कद मूर्ति में माल्यार्पण के पश्चात वैदिक ब्राह्मणो द्वारा प भोला शंकर तिवारी के साथ मंत्रोपचार द्वारा स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके पश्चात बिशल केक को परिवार जनों सांसद ज्योत्सना महन्त सूरज महन्त विधायक बालेश्वर साहू पूर्व विधायक मंत्री नोवेल वर्मा पूर्व विधायक आशिष सिंह जिला कॉग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष विजय केसरवानी महापौर कोरबा प्रसाद पुर्व विधायक मोहित केरकेट्टा जिला कॉग्रेस अध्यक्ष दादु जायसवाल

गुलज़ार सिंह जिला कॉग्रेस प्रवक्ता गिरधर जायसवाल विधायक प्रतिनिधि समर सिंह सांसद प्रतिनिधि प्रशान्त मिश्रा श्याम सुंदर अग्रवाल आनंद अग्रवाल सभापति रिंकू अग्रवाल बन्टी धनजल धीरेंद्र बाजपेयी रघुराज पाण्डे डॉ परस शर्मा घनश्याम पाण्डे मनोज़ जायसवाल पीयूष राय विष्णु तिवारी अशोक यादव गुरुदेव चौधरी विशाल जांगड़े अमित राठौर राजीव जायसवाल रोहित यादव गीता देवांगन कौशिल्या कमलेश विजया जायसवाल मेनका जायसवाल साधेश्वर गवेल सरवन सिदार राइस किंग खूंटेउगेन्द्र अग्रवाल मयंक स्वर्णकार चान्दनी सहिस विभा यादव सम्मे लाल गवेल हीरा साय यादव महबूब खान दिग्म्बर चैबे विधानसभा क्षेत्र सकती के पोलिंग बूथ के कॉग्रेस कार्यकर्ता पंचायत प्रतिनिधि विधायक गण पूर्व विधायक नगर एवँ ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न समाजों के वरिष्ठ जन एवँ जिले के अलावा कोरबा रायगढ़ बिलासपुर जी पी एम से आये शुभचिंतको के साथ अपना जन्मदिन मनाया।

मौसम...

ठण्ड बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप लगने लगी सुहानी

सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ़ी, ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ रहा पाला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में सर्द हवाओं से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सुबह से ही हाड़ कंपाने वाली हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या पर भी प्रभाव डाला हैं। घरो में अलाव जलाकर ठंड भगाने में लोग लगे रहते हैं। लोगों की सुबह देर से हो रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में पाला दिखने लगा है।

मौसम खुलने के पश्चात ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। तीन दिनों के बाद मौसम खुलने के साथ ही सुबह से ठण्ड का पारा नीचे चला गया है। ठण्ड की गति बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप सुहानी लगने लगी है। ठण्ड से बचने के लिये लोग दिन में शाल, स्वेटर के साथ ही रात्रि में अलाव जलाने के लिए मजबूर हो गये है। मौसम खुलने के साथ ही सुबह से ठण्ड का पारा नीचे चला गया है। जिससे शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्योदय होने के काफी देर बाद लोग सड़कों पर नजर आते है। शाम ढ़लते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा हैं। इस दौरान बस स्टैण्ड, पड़ाव चौक, दाऊपारा, गोलबाजार चौक जैसे सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाकर बैठे लोगों को देखा जा सकता हैं। दिसंबर माह में क्षेत्र में अन्य स्थानों से भी ज्यादा ठंड पड़ती हैं और यही वजह हैं कि शहर में दिसंबर का महीना शुरू होते ही

ठंड का असर दिखाई पड़ने लगता हैं। आने वाले समय में और भी तेज ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के महीने में सबसे अधिक ठण्ड रहता है जो जनवरी के पहले पखवाड़े तक ठण्ड का असर बना रहता है। इस वर्ष बारिश का मौसम बीतने के बाद बारिश की गतिविधियां पूरी तरह थम गई थी इस कारण नवम्बर महीने में ठण्ड का असर नही रहा। यही हाल दिसम्बर महीने के पहले सप्ताह तक आसमान में हल्के बादलों के बीच कई दिन गुजर गया। जिसके चलते दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में ठण्ड का असर नही रहा। ठण्ड की गति बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप सुहानी लगने लगी है। यही कारण है कि सुबह होने के साथ ही लोग धूप का आनंद लेते दिखाई देते है। बढ़ रही ठण्ड के चलते दोपहर के समय में भी धूप सुहानी लगती है। वही लोग ठण्ड से बचने के लिये शाम ढ़लने के साथ ही अलाव का सहारा लेने लगे है। शहरी क्षेत्रों में जहां लोग ठंड से बचने के लिए शाल, स्वेटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की जुगत करते हैं अभी हाल ही में हुई बारिश के बाद से ठंड का कहर निरंतर बढ़ता जा रहा हैं। जिसके चलते शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी इसका व्यापक असर देखा जा रहा हैं। बढ़ती ठंड के साथ स्कूलों में भी बच्चों की दिनचर्या पर खासा प्रभाव पड़ रहा हैं।

पंडरभट्ठा के गौशाला में गौपूजन किया



मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन के 01 साल पूरा होने पर मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंडरभट्ठा के गौशाला में गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में गाय की पूजा-अर्चना की गई और 12 पशुओं का उपचार, 22 पशुपालकों को औषधि वितरण, 01 कृत्रिम गर्भाधान तथा 04 पशुओं का बधियाकरण किया गया। इसके साथ ही 13 गौसेवकों सहित 37 वर्षों से गौसेवा कर रही विसवंतिन बाई को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य सुभाष जैन, मोनू उपाध्याय, पं. दीनानाथ उपाध्याय, कलेश्वर गर्ग, डॉ. शत्रुघ्न सिंह और अनिल सोनी मौजूद रहे।

बस्तर ओलंपिक 2024
सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
खेलों के जरिए
सुखद भविष्य
की ओर बढ़ता
बस्तर
श्री अमित शाह
माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
खेलेगा बस्तर
बढ़ेगा बस्तर
हमने बनाया है
हम ही सँवारेंगे
हमसे जुड़ने के लिए
Q.R.स्कैन करें
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
www.dprcg.gov.in
संवाद-42449/28

न्यूज गैलरी

वित्त वर्ष 2025 में भारत की खुदरा महंगाई दर घटकर 4.7-4.8 प्रतिशत पर आ जाएगी

नई दिल्ली। दिसंबर के आंकड़ों से सब्जियों की कीमतों में और सुधार का संकेत मिलता है, जबकि अनुकूल मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर से मजबूत रबी फसल का भी अनुमान है। इसके अलावे, स्थिर वैश्विक खाद्य और ऊर्जा कीमतों से निकट भविष्य में महंगाई को जोखिम कम हो सकता है। आइए जानें रिपोर्ट में और क्या है। भारत की हेडलाइन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई वित्तीय वर्ष 2025 में 4.7-4.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अनुकूल सांख्यिकीय आधार, खाने-पीने की चीजों में कमी और स्थिर वैश्विक कमोडिटी कीमतों से राहत मिल सकती है। टमाटर, प्याज और आलू की नई फसल की आवक अधिक मंडी आवक में परिलक्षित हुई है, जिससे आपूर्ति दबाव कम हुआ है। दिसंबर के आंकड़ों से सब्जियों की कीमतों में और सुधार का संकेत मिलता है, जबकि अनुकूल मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर से मजबूत रबी फसल का भी अनुमान है। इसके अलावे, स्थिर वैश्विक खाद्य और ऊर्जा कीमतों से निकट भविष्य में महंगाई को जोखिम कम हो सकता है। बीओबी का आर्थिक स्थिति सूचकांक (ईसीआई) दिसंबर में न्यूनतम अनुक्रमिक मूल्य वृद्धि दर्शाता है, जो नवंबर में 0.4 प्रतिशत की तुलना में 0.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट बताती है कि अनुकूल मुद्रास्फीति के ये रुझान भारतीय रिजर्व बैंक (ऋख्र) को आने वाले महीनों में अधिक उदार मौद्रिक नीति रुख की ओर ले जा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति अक्तूबर 2024 के 6.2 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई, ऐसा खाद्य कीमतों में व्यापक गिरावट के कारण ही संभव हो पाई।

ईडी ने भूषण स्टील की 4025 करोड़ की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील को लौटाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि 4,025 करोड़ रुपये की संपत्ति की वापसी पीएमएलए की धारा 8(8) (मुकदमा लंबित रहने तक वापसी) के तहत की गई, जिसे पीएमएलए संपत्ति बहाली नियमों के नियम 3ए के साथ पढ़ा जाए। एजेंसी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। संघीय जांच एजेंसी ईडी ने ने शनिवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद पूर्ववर्ती भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड की 4,025 करोड़ रुपये की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील को वापस कर दी है। जेएसडब्ल्यू स्टील, कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवालिया कंपनी की परिसंपत्तियों के लिए सफल समाधान आवेदक थी। इन संपत्तियों को पहले संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत भूषण स्टील एंड पावर और उसके प्रमोटरों के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी और उन निधियों को निजी निवेशों में बदलने के आरोपों की जांच के तहत जब्त किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि 4,025 करोड़ रुपये की संपत्ति की वापसी पीएमएलए की धारा 8(8) (मुकदमा लंबित रहने तक वापसी) के तहत की गई, जिसे पीएमएलए संपत्ति बहाली नियमों के नियम 3ए के साथ पढ़ा जाए। एजेंसी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि आईबीसी की धारा 32ए (2) की व्याख्या, सीआईआरपी के तहत कॉरपोरेट देनदारों की संपत्ति कुर्क करने की ईडी की शक्तियों या किसी अन्य संबंधित मुद्दों पर सर्वोच्च न्यायालय ने कोई राय व्यक्त नहीं की है।

अमेज़न ने संभव के पांचवें वार्षिक सम्मलेन के मौके पर विकसित भारत के प्रति ज़ाहिर की अपनी प्रतिबद्धता

अमेज़न मेड-इन-इंडिया उत्पादों की सोर्सिंग के संयोजन से प्रेरित होगी

नई दिल्ली। अमेज़न ने सालाना आयोजित होने वाले अपने 'संभव समिट' के पांचवें संस्करण में 'विकसित भारत' के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का विस्तार करने वाली कई पहलों की घोषणा की है। संभव समिट, अमेज़न के भारत के छोटे व्यवसायों का जश्न मनाने, उनका समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने से जुड़े प्रयास का अंग है, जिसका उद्देश्य है, भारत और दुनिया भर में उन व्यवसायों के विकास में तेज़ी लाना। अमेज़न ने इस प्रयास के तहत, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रमुख प्राथमिकता को गति देने के लिए डीपीआईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। अमेज़न ने अपने संभव वेंचर फंड से 120 मिलियन डॉलर ऐसे स्टार्टअप में निवेश करने के लिए निर्धारित किए हैं जो भारत में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण को डिजिटल बनाएंगे और घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करेंगे, जिससे हज़ारों की तादाद में रोज़गार पैदा होंगे। अमेज़न अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को चार गुना बढ़ा रही है और 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव बनाने की योजना बना रही है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय एमएसएमई, विनिर्माताओं और डी2सी स्टार्टअप के लिए अमेज़न के ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के ज़रिये करने के साथ-साथ अमेज़न के ग्लोबल मार्केटप्लेस में बेचे जाने वाले मेड-इन-इंडिया उत्पादों की सोर्सिंग के संयोजन से प्रेरित होगी। अमेज़न विभिन्न क्षेत्रों से निर्यात करने में मदद करना जारी रखेगी, जिसमें घर एवं रसोई से जुड़े उत्पाद, परिधान एवं वस्त्र, खिलौने, स्वास्थ्य एवं न्यूट्रिशन सप्लीमेंट, आयुर्वेदिक उत्पाद आदि शामिल हैं। अमेज़न

इसके अलावा, अब पूरे भारत के व्यवसायों को अपनी विश्व स्तरीय, विश्वसनीय और किफायती लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदान करेगी। कंपनी ने विभिन्न क्षमता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 5 फीट से 40 फीट तक के पूर्ण ट्रक लोड विकल्पों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंट्रा-सिटी (शहर के भीतर) और इंटर-सिटी (विभिन्न शहरों में) परिवहन सेवाओं के लिए अमेज़न फ्रेट और 14,000 से अधिक पिन कोड में सेवा प्रदान करने वाली लास्ट माइल (अंतिम-मील) डिलीवरी सेवाओं के लिए अमेज़न शिपिंग लॉन्च की है और इसके तहत डिलीवरी (डिलीवरी डेट) और पिकअप के लिहाज़ से बेहतर अनुभव प्रदान करने की व्यवस्था है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन जयराम गडकरी ने कहा, सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी हितधारकों के सक्रिय योगदान की आवश्यकता है। विनिर्माण, एआई और निर्यात की दिशा में अमेज़न की पहल बहुत सराहनीय है। हम अमेज़न की देश भर में अपनी लॉजिस्टिक्स से जुड़ी विशेषज्ञता का लाभ उठाने की कोशिश को महत्वपूर्ण मानते हैं, जो शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के व्यवसायों को सशक्त बनाता है। निजी क्षेत्र के ऐसे सहयोगात्मक प्रयास नवोन्मेष बढ़ाने, निर्यात को बढ़ावा देने और लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने में सहायक हैं, जिससे भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। अमेज़न में उभरते बाज़ार विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित अग्रवाल ने कहा, मैं भारत में अमेज़न के लिए आने वाले अवसरों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। भारत, दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इस लिहाज़ से यह अमेज़न के लिए एक प्रमुख बाज़ार है। हम जिन क्षेत्रों पर ध्यान दे रहे हैं, वह सरकार के छोटे व्यवसायों को डिजिटल बनाने, निर्यात को बढ़ावा देने और रोज़गार सृजन के दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं के अनुरूप है। हम इन प्रमुख क्षेत्रों में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारत की आर्थिक वृद्धि और माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

वित्त मंत्रालय ने बताया- 47 प्रतिशत है महिलाओं की भागीदारी

अटल पेंशन योजना के ग्राहकों की संख्या 7 करोड़ के पार

नई दिल्ली। अटल पेंशन योजना भारत की कामकाजी आबादी को सेवानिवृत्ति के बाद के वर्षों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। अटल पेंशन योजना, 60 वर्ष की आयु से 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी देती है। पेंशन की राशि ग्राहकों की ओर से किए गए योगदान पर निर्भर करती है। इस योजना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई है, जो कुल ग्राहकों का लगभग 47 प्रतिशत है। आइए जानें वित्त मंत्रालय ने इस योजना पर क्या कहा है। वित्त मंत्रालय ने हाल ही में अटल पेंशन योजना (ऋख्र) के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, 2 दिसंबर, 2024 तक 7.15 करोड़ से अधिक ग्राहक इस योजना के तहत नामांकित हो चुके हैं। कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷अटल पेंशन योजना सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ, अपने लाभार्थियों के लिए

सेवानिवृत्ति के बाद मन की शांति सुनिश्चित करते हुए गारंटीकृत पेंशन लाभ के साथ सुरक्षित सेवानिवृत्ति प्रदान करता है। अटल पेंशन योजना भारत की कामकाजी आबादी को सेवानिवृत्ति के बाद के वर्षों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। अटल पेंशन योजना, 60 वर्ष की आयु से 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी देती है। पेंशन की राशि ग्राहकों की ओर से किए गए योगदान पर निर्भर करती है। इस योजना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई है, जो कुल ग्राहकों का लगभग 47 प्रतिशत है। एपीवाई में ग्राहक की मृत्यु के बाद, पति या पत्नी को पेंशन राशि मिलती रहती है एपीवाई की एक खास विशेषता इसकी व्यापक पेंशन संरचना है। ग्राहक की मृत्यु के बाद, पति या पत्नी को वही पेंशन मिलती रहती है। ग्राहक और पति या पत्नी दोनों की मृत्यु के बाद, 60 वर्ष की आयु तक जमा पेंशन राशि नामांकित व्यक्ति को वापस कर दी जाती है, जिससे परिवार के लिए दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित होती है। ग्राहक मासिक, त्रैमासिक या अर्ध-वार्षिक आधार पर योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपने वित्त का प्रबंधन करने में लचीलापन मिलता है। एपीवाई बढ़ती दीर्घायु, एकल परिवारों और बढ़ती जीवन लागत के युग में महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करता है। पेंशन एक स्थिर मासिक आय प्रदान करती है, जो सेवानिवृत्ति के बाद एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करती है।

अटल पेंशन योजना में सरकार न्यूनतम पेंशन की गारंटी देती है

इस योजना में सरकार न्यूनतम पेंशन की गारंटी देती है, अगर योगदान पर रिटर्न उम्मीद से कम होता है तो यह किसी भी कमी को पूरा करती है। इसके विपरीत, अगर रिटर्न उम्मीद से अधिक होता है, तो अधिशेष राशि ग्राहक के खाते में जमा कर दी जाती है, जिससे योजना के लाभ बढ़ जाते हैं।

आरबीआई का किसानों को तोहफा

जमानत मुक्त ऋण की सीमा बढ़ाकर 2 लाख रुपये की गई

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने किसानों के लिए जमानत-मुक्त ऋण सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है। यह फैसला एक जनवरी, 2025 से लागू होगा। इस कदम का उद्देश्य खेती में बढ़ती इनपुट लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को मदद पहुंचाना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसानों के लिए जमानत-मुक्त ऋण सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है। यह फैसला एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा। इस कदम का उद्देश्य बढ़ती इनपुट लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को मदद पहुंचाना है।

नए निर्देश में देश भर के बैंकों को प्रति उधारकर्ता दो लाख रुपये तक का कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए ऋण देने की मार्जिन की आवश्यकता को माफ करने का निर्देश दिया गया है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय बढ़ती लागत और किसानों के लिए ऋण सुलभता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए लिया गया है। बयान में कहा गया है कि

इस उपाय से 86 प्रतिशत से अधिक छोटे और सीमांत भूमिधारक किसानों को काफी लाभ होगा। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे दिशानिर्देशों को शीघ्रता से लागू करें तथा नए ऋण प्रावधानों के बारे में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करें। इस कदम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण तक आसान पहुंच की उम्मीद है और यह सरकार की संशोधित ब्याज अनुदान योजना का पूरक होगा, जो 4 प्रतिशत प्रभावी ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है। इस पहल को कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे किसानों को कृषि कार्यों में निवेश करने और अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए आवश्यक वित्तीय लचीलापन मिलेगा।

भारत में फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता बीते दशक की तुलना में बढ़ी

नई दिल्ली। भारत में उत्पादित फलों और सब्जियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा- 30-35 प्रतिशत- उनकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति के साथ-साथ कटाई, भंडारण, परिवहन और पैकेजिंग में अकुशलता के कारण नष्ट हो जाता है। यह बात एसबीआई की एक रिपोर्ट में कही गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता क्रमशः 7 किलोग्राम और 12 किलोग्राम बढ़ी है। हालांकि, यह आंकड़ा कृषि आपूर्ति श्रृंखला में कई चुनौतियों को उजागर करता है जो पूरे देश में खाद्य खपत को प्रभावित करना जारी रखते हैं। विशेष रूप से, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू और कश्मीर जैसे राज्यों में फलों और सब्जियों के प्रति व्यक्ति उत्पादन में वृद्धि देखी गई

है। हालांकि, कई पूर्वोत्तर राज्यों ने प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की है। भारत प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 227 किलोग्राम फल और सब्जियां पैदा करता है, जो सालाना प्रति व्यक्ति 146 किलोग्राम की सामान्य सिफारिश से अधिक है। हालांकि, फलों और सब्जियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा- 30-35 प्रतिशत - उनकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति के साथ-साथ कटाई, भंडारण, परिवहन और पैकेजिंग में अकुशलता के कारण नष्ट हो जाता है।

यूपीआई से 223 लाख करोड़ रुपये के 15547 करोड़ लेनदेन हुए

नई दिल्ली। अक्टूबर 2024 में, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) से एक महीने में 16.58 अरब के वित्तीय लेन-देन हुए जो एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2023 में 11.40 अरब की लेन-देन हुई थी। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष इसमें 45 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। यूपीआई के प्लेटफॉर्म से 632 बैंक जुड़े हुए हैं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर साल जनवरी से नवंबर तक 223 लाख करोड़ रुपये के 15,547 करोड़ लेनदेन किए गए। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूपीआई लेनदेन के आंकड़े भारत में वित्तीय

लेनदेन पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाते हैं। के साथ, वित्त मंत्रालय ने यूपीआई के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इसे दुनिया भर के देशों में महत्व मिल रहा है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अंतरराष्ट्रीय गति प्राप्त कर रही है। यूपीआई और रूपे दोनों तेजी से देश के बाहर विस्तार कर रहे हैं। वर्तमान में, यूपीआई सेवा सात देशों में उपलब्ध है, इनमें यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस जैसे प्रमुख देशों के बाजार शामिल हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (हक्ष्ख्र) की आरे से 2016 में लॉन्च यूपीआई ने कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत करके देश के भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है। यह सिस्टम निर्बाध फंड ट्रांसफर, मर्चेंट पेमेंट और पीयर-टू-पीयर ट्रांजेक्शन को सक्षम बनाता है, जो उपयोगकर्ताओं को निर्धारित भुगतान अनुरोधों के जरिए लचीलापन प्रदान करता है। यूपीआई ने न केवल वित्तीय लेन-देन को तेज, सुरक्षित और सरल बनाया है, बल्कि इसने व्यक्तियों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों को भी सशक्त बनाया है। इससे देश नकदी रहित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ा है। अक्टूबर 2024 में, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (ख्रू) से एक महीने में 16.58 अरब के वित्तीय लेन-देन हुए जो एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर 2023 में 11.40 अरब की लेन-देन हुई थी। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष इसमें 45 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। यूपीआई के प्लेटफॉर्म से 632 बैंक जुड़े हुए हैं। यूपीआई ने छोटे व्यवसायों, रेहड़ी-पटरी वालों और प्रवासी श्रमिकों पर गहरा असर डाला है। अब उन्हें पैसे ट्रांसफर करने और भुगतान हासिल करने का एक आसान और कुशल तरीका मिला है।

खेल

बारिश के कारण तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त, ऑस्ट्रेलिया 28/0

ब्रिस्बेन। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन बारिश ने खलल डाला और सिर्फ 13.2 ओवर का ही खेल हो सका। बारिश के कारण पहले दिन का खेल जल्द समाप्त कर दिया गया। लगातार बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। मैच के शुरुआती दिन सिर्फ 13.2 ओवर का खेल ही हो सका। स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा 19 रन और नाथन मैकस्वीनी चार रन बनाकर नाबाद हैं।

गाबा टेस्ट के पहले दिन बारिश के कारण बार-बार खेल बाधित हुआ। पहली बार 5.3 ओवर के बाद बारिश के कारण 20-25

मिनट का खेल बर्बाद हुआ था। फिर 13.2 ओवर के बाद एक बार फिर खेल को रोकना पड़ा। शुरुआती दिन पहले सत्र में फिर भी कुछ खेल संभव हुआ, लेकिन लंच ब्रेक से पहले ही बारिश दोबारा शुरू हुई और मैच को रोकना पड़ा। दूसरे सत्र का खेल पूरी तरह धुल गया था, लेकिन इसके बाद भी स्थिति नहीं बदली और अंपायर ने स्टंप का फैसला किया। पहले दिन बारिश के खलल के कारण अब दूसरे दिन 98 ओवर फेंके जाएंगे और मैच तय समय से आधे घंटे पहले शुरू होगा। यानी दूसरे दिन का मुकाबला भारतीय समयानुसार, सुबह 5:20 बजे शुरू होगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए। रविचंद्रन अश्विन और हर्षित राणा को बाहर किया गया। उनकी जगह रवींद्र जडेजा और आकाश दीप की टीम में वापसी हुई। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम में एक बदलाव है। स्कॉट बोलैंड की जगह जोश हेजलवुड को शामिल किया गया।

बारिश से दूसरे सत्र का खेल पूरी तरह धुल गया है। आज अभी तक सिर्फ 13.2 ओवर का खेल हो सका है। कवर्स से पिच को ढका गया है। गाबा में मैदान सुखाने की अच्छी व्यवस्था है, लेकिन उसके लिए बारिश का रुकना जरूरी है। फिलहाल वहां काफी बारिश हो रही है। पहले सत्र में केवल 13.2 ओवर का खेल होने के बाद अब दूसरे सत्र धुल गया है। कुछ और देर तक तेज बारिश के आसार हैं। ब्रिस्बेन में काले बादल छाए हुए हैं। फैंस बेसब्री से मैच के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के कारण खेल रुकने तक ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 28 रन बना लिए हैं। उस्मान ख्वाजा 19 रन और नाथन मैकस्वीनी चार रन बनाकर नाबाद हैं। गाबा में अभी तक बारिश जारी है। कवर्स से पिच को ढका गया है। गाबा में मैदान सुखाने की उच्च व्यवस्था है, लेकिन उसके लिए बारिश का रुकना जरूरी है। फिलहाल वहां काफी बारिश हो रही है। पहले सत्र में केवल 13.2 ओवर का खेल होने के बाद अब दूसरे सत्र के खेल पर भी खतरा मंडरा रहा है। कुछ और देर तक तेज बारिश के आसार हैं। ब्रिस्बेन में काले बादल छाए हुए हैं।

भारतीय टीम के मैच दुबई में होंगे, 2027 तक पाकिस्तान भी नहीं आएगा भारत

नई दिल्ली। दोनों देशों के बोर्ड इस बात पर भी सहमत हुए हैं कि 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा। पीसीबी को इसके लिए किसी तरह की वित्तीय मदद नहीं की जाएगी, लेकिन उसने 2027 के बाद होने वाले आईसीसी महिला टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार प्राप्त कर लिए हैं।

आईसीसी ने अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दे दी है जिसके तहत इस टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में होगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच सहमति के बाद आईसीसी ने यह कदम उठाया और शनिवार को इसकी

आधिकारिक घोषणा हो सकती है।आईसीसी के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, कल एक वर्चुअल बैठक है जिसमें आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ब्रिसबेन से जुड़ेंगे। उम्मीद है कि आईसीसी इसके बाद आधिकारिक घोषणा करेगी। दोनों देशों के बोर्ड इस बात पर भी सहमत हुए हैं कि 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा। पीसीबी को इसके लिए किसी तरह की वित्तीय मदद नहीं की जाएगी, लेकिन उसने 2027 के बाद होने वाले आईसीसी महिला टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार प्राप्त कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि इस समझौते के बारे में सभी साझेदारों को बता दिया गया है जिससे इस टूर्नामेंट का आयोजन बिना किसी परेशानी के हो सके। पाकिस्तान मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान एक सेमीफाइनल सहित चैंपियंस ट्रॉफी के कुल 10 मुकाबलों की मेजबानी करेगा। भारत अपने लीग चरण के तीन मुकाबले दुबई में खेलेगा। इसके अलावा सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654